# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 7 फरवरी 2025




# भाजपा म हे मोर विश्वास
## हर नगर म हो ही विकास

## अटल विश्वास पत्र
### नगरीय निकाय चुनाव 2025

हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे

### स्वास्थ्य

- हर निगम क्षेत्र में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग केंद्र और सभी मरीज़ों को पहचान पत्र जारी।

### आवास

- PMAY-U के 3 लाख घर तेजी से पूरे होंगे, बिजली बिल और समेकित कर पटाने वालों को आवास बनाने की पात्रता।

### राजस्व

- नजूल भूमि के लिए नया कानून, सभी पट्टा धारकों को भू-स्वामी बनाएंगे।
- महिलाओं को प्रॉपर्टी टैक्स पर 25% छूट, समय पर भुगतान पर 10% अतिरिक्त छूट।
- हर नगर निकाय के व्यावसायिक केंद्रों में बिजली-पानी-सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की गारंटी।
- समाधान योजना से बिना जुर्माना या ब्याज लगाए पुराने संपत्ति कर के लिए एकमुश्त निपटान।

### शहरी विकास

- स्ट्रीट वेंडर्स सशक्तिकरण के लिए पीएम स्वनिधि के माध्यम से ₹30,000 तक की सहायता। स्मार्ट वेंडिंग जोन, फूड स्ट्रीट्स की स्थापना।
- शासकीय जगहों पर सुव्यवस्थित पार्किंग का निर्माण।

### महिला

- विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्राओं को फ्री सैनिटरी नैपकिन।
- महतारी वंदन योजना के SHG लाभार्थियों को ₹2.5 लाख तक का ऋण एवं बर्तन बैंक की स्थापना।

### युवा एवं शिक्षा

- महापौर सम्मान निधि से यू.पी.एस.सी. मुख्य परीक्षा (MAINS) उत्तीर्ण छात्रों को ₹1 लाख।
- विद्यालयों और महाविद्यालयों में फ्री वाई-फाई।
- नालंदा परिसर पर आधारित सार्वजनिक अध्ययन केंद्र खुलेंगे और पुस्तकालयों में सीटें बढ़ेंगी।

### स्वच्छता

- बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की व्यवस्था।
- हर घर को मिलेगा कचरा बाल्टी, रात्रिकालीन सफाई और स्मार्ट वेस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम का निर्माण।
- तालाब के लिए प्रभावी प्रणाली स्थापना, एस.टी.पी. से जोड़ना।

### सेवा क्षेत्र

- 'माई सिटी ऐप' से सभी सेवाएं एक क्लिक पर।

### संस्कृति

- गोवंश संरक्षण और देखभाल के लिए गोकुल नगर का विस्तार।

### जल

- हर घर को स्वच्छ पानी और नए जल टैंक निर्माण व कुओं का संरक्षण।

पूरा मेनिफेस्टो पढ़ने के लिए स्कैन करें

**कमल का बटन दबाएं • भाजपा को विजयी बनाएं**

भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़


वर्षगाँठ हमारी
खुशियाँ सबकी
5%
के भव्य ऑफर्स
+
Wheel of
FORTUNE
करें गृह प्रवेश की तैयारी
CLASSIC
TOWERS
PCGRERA270223001615
https://rera.cgstate.gov.in
2 & 3 BHK
SPACIOUS
FLATS
ACTUAL IMAGE
CLASSIC
GROUP
LIFESTYLE MATTERS
ये मेला नहीं
मौका है
Onsite
PROPERTY
EXPO
7th FEB'25
8th FEB'25
9th FEB'25
CLASSIC
CASTLE
PCGRERA220620001124 | P3CGRERA031120000020
https://rera.cgstate.gov.in
FULLY DEVELOPED
PREMIUM PLOTS
NO FUTURE EXTENSION
ACTUAL IMAGE
SUMEET
LANDSCAPE
PROJECT ASSOCIATE
CLASSIC
VENTURES
CGRERA060320A000465
https://rera.cgstate.gov.in
FULLY DEVELOPED PLOTS
Sizes from 800 to 2400 Sq.Ft.
ACTUAL IMAGE
*T&C APPLY
Family site visit पर
SILVER COIN
Assured Gift
CLASSIC CASTLE
901 902 1000
KACHNA, RING ROAD NO.3, MAIN ROAD, RAIPUR
CLASSIC TOWERS
951 610 1000
NEAR POLICE HOUSING SOCIETY, PANI TANKI ROAD, AMLIDIH, RAIPUR
SUMEET LANDSCAPE
722 500 1000
BESIDE DPS SCHOOL, VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR
SCAN TO KNOW MORE

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### 2017 में किया था समर्पण

यहां एक पंचायत है कलेपाल, जो दरभा विकासखण्ड का नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता रहा है। 417 मतदाता वाले इस पंचायत में इस वर्ष भी यहां सरपंच समेत सभी पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। महिला सीट होने से सरपंच पर सन्नी पोड़यामी के अलावा रानी, सुखराम, बुरसु, बुदरी, मुडे, मंगलू, तुली, बामन, पोजे व बोजा पंच पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इन पंचों में दो पंच ऐसे हैं, जो पूर्व में नक्सल संगठन में शामिल थे और अब समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। इन पंचों में एक नाम बुरसु मण्डावी भी है, जिसने वर्ष 2017 में समर्पण किया था।







### ग्राम विकास में निभाएंगे अग्रणी भूमिका

समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने के बाद पंच के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हो चुके बुरसु मण्डावी, मंगलु कवासी व सामू ने चर्चा में बताया कि कभी वे लोग जंगलों की खाक छाना करते थे और हरदम यह भय रहता था कि कब पुलिस की गोली का शिकार बन जाएंगे। लेकिन समर्पण के बाद मुख्यधारा में शामिल होने के बाद अब बतौर जनप्रतिनिधि शेष पेज 6 पर

खास खबर

# नक्सली थे तब करते थे चुनाव का विरोध, अब समर्पण के बाद खुद बन गए लोकतंत्र के प्रहरी, कई पूर्व माओवादी चुने गए पंच

राजेश दास ▸▸ जगदलपुर

नक्सल संगठन में शामिल होकर जनताना सरकार में अहम भूमिका निभाने वाले नक्सली अब मुख्यधारा में शामिल होकर लोकतंत्र के प्रहरी बन चुके हैं। बस्तर में कई ऐसी पंचायत हैं, जहां समर्पित नक्सलियों की ग्राम सरकार में अहम भूमिका रहने शेष पेज 6 पर



### ग्राम सरकार में अपनी अहम भूमिका निभाएगा सामू

समर्पित नक्सली के निर्विरोध चुने जाने का एक और मामला दरभा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तोयनार भी शामिल है, लगभग शेष पेज 6 पर

### मुख्यधारा से जुड़ा मंगलु

कलेपाल पंचायत में एक और समर्पित नक्सली मंगलु कवासी भी पूर्व में नक्सली था और समर्पण करने के बाद मुख्यधारा में शामिल हो गया। इसे वार्ड नम्बर छह से इसे निर्विरोध पंच चुन लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### नया आयकर विधेयक आज कैबिनेट में चर्चा

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह संसद में पेश किए जाने वाले नए आयकर विधेयक में लंबे वाक्य, प्रावधान और स्पष्टीकरण नहीं होंगे। नया आयकर विधेयक छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेने के लिए तैयार किया गया है। नए विधेयक पर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा होने की संभावना है। नए विधेयक की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में की थी।

### पीएम के परीक्षा पे चर्चा में होंगे सेलिब्रटी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का आठवां संस्करण अलग प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। इसमें अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और आध्यात्मिक नेता सद्गुरु जैसी प्रसिद्ध हस्तियां शामिल होंगी। सूत्रों ने बताया कि 10 फरवरी को प्रसारित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में कुल आठ कड़ियां होंगी।

**अमेरिका ने कहा- जो अवैध रूप से आएगा, उसे वापस भेजा जाएगा**

# 'हथकड़ी-बेड़ी' पर संसद में उबाल, विदेश मंत्री बोले- डिपोर्ट पहली बार नहीं, 16 साल से हो रहा

*बजट सत्र के पांचवे दिन जमकर बवाल हुआ। संसद के भीतर और बाहर घमासान मचा रहा। अमेरिका में कथित तौर पर बिना दस्तावेजों के रह रहे 104 भारतीयों को निर्वासित किए जाने के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। संसद परिसर में विपक्षी सांसदों ने अपने हाथों में हथकड़ी पहनकर प्रदर्शन किया। संसद के दोनों सदनों में दिए अपने वक्तव्य में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि निर्वासन की प्रक्रिया कोई नई नहीं है और कई वर्षों से चल रही है। इधर, अमेरिका ने कहा कि अवैध तरीके से आओगे तो बाहर किया जाएगा।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रही है कि निर्वासित किए जा रहे भारतीयों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न हो। जयशंकर ने कहा, हम निश्चित तौर पर अमेरिकी सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए बातचीत कर रहे हैं कि वापस आ रहे भारतीयों के साथ उड़ान के दौरान किसी भी तरह का दुर्व्यवहार नहीं किया जाए। उन्होंने कहा, साथ ही सदन इस बात की सराहना करेगा कि हमारा ध्यान वैध यात्रियों के वीजा को आसान बनाने के लिए कदम उठाते समय अवैध आव्रजन उद्योग पर कड़ी कार्रवाई पर भी होना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका से भारतीयों को निर्वासित किए जाने की प्रक्रिया नयी नहीं है और यह सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेशों में अवैध रूप से रह रहे हैं तो उन्हें वापस लें। विदेश मंत्री ने कहा, माननीय सदस्य जानते हैं कि लोगों के बीच परस्पर आदान-प्रदान अमेरिका के साथ हमारे गहरे संबंधों का आधार है।

### संसद के दोनों सदनों में हंगामा

संसद में विपक्ष के सांसदों ने प्रश्नकाल के दौरान डिपोर्ट का मुद्दा उठाया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, 'मैं अमेरिका सरकार के इस रवैये से बेहद दुखी हूं। भारत और अमेरिका के बीच संबंध अच्छे हैं लेकिन उन्होंने जिस तरीके से भारतीयों को मिलिट्री प्लेन से भेजा है, वो अमानवीय है। विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री को अपनी बात रखनी चाहिए।'

### अमेरिका दूतावास ने कहा, अवैध तरीके से घुसेगा, उसे वापस भेज दिया जाएगा



नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि जो भी अमेरिका में अवैध तरीके से घुसेगा, उसे वापस भेज दिया जाएगा। आव्रजन कानूनों को लागू करना अमेरिका की राष्ट्रीय और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह अमेरिका की नीति है कि सभी अमान्य और निर्वासित किये जाने के पात्र विदेशियों के खिलाफ पालन किया जाए।

### हाथों में हथकड़ी पहनकर संसद परिसर में प्रदर्शन

कांग्रेस, सपा और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने अमेरिका से कथित अवैध प्रवासियों को वापस भारत भेजे जाने के मुद्दे पर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव और विरोध प्रदर्शन में शामिल कई अन्य विपक्षी सांसदों ने अपने हाथों में हथकड़ी पहन रखी थी। उन्होंने 'देश का अपमान नहीं सहेंगे' और 'मोदी सरकार हाय हाय' के नारे लगाए। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी वाड्रा, अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी नेता प्रदर्शन में शामिल हुए।

## इधर, परिजनों का छलका दर्द

### कर्ज का बोझ और टूटे हुए सपने

चंडीगढ़। अमेरिका से निर्वासित 104 भारतीयों में शामिल पंजाब के लोगों के परिजनों ने कहा कि उन्होंने सुनहरे भविष्य की उम्मीद में अपने परिजन को अमेरिका भेजने के लिए भारी-भरकम राशि उधार ली, लेकिन अब इन लोगों को स्वदेश भेजे जाने के कारण उन्हें लगता है कि वह कर्ज के बोझ से कभी मुक्त नहीं हो पाएंगे। होशियारपुर के दारापुर गांव में कर्ज के बोझ तले दबे सुखपाल (35) के परिवार को अपना भविष्य अंधेरे में नजर आ रहा है। पेशे से शेफ सुखपाल अक्टूबर 2024 में एक साल के 'वर्क परमिट' पर इटली गया था। उसके परिवार ने कहा कि वह अनजान है कि सुखपाल कैसे अमेरिका पहुंचा।



### घर गिरवी रखकर पहुंचा था अमेरिका

कपूरथला के बेहबल बहादुर निवासी गुरप्रीत सिंह के परिवार ने उसे विदेश भेजने के लिए अपना घर गिरवी रख दिया था। गुरप्रीत के परिवार के एक सदस्य ने कहा, हमने कर्ज लिया, घर गिरवी रखा और रिश्तेदारों से भी पैसे उधार लिए। हमने उसे अमेरिका भेजने के लिए 45 लाख रुपए खर्च किए।

### जसविंदर ने खर्च किए थे 50 लाख

फतेहगढ़ साहिब के जसविंदर सिंह की कहानी भी कुछ ऐसी ही है, जिसे अमेरिका भेजने के लिए उसके परिजनों ने 50 लाख रुपए खर्च किए। इसके लिए उन्हें ऊंची ब्याज दर पर कर्ज लेना पड़ा और रिश्तेदारों से मदद भी मांगनी पड़ी। परिजन ने कहा, हमने सोचा था कि वह वहां पैसे कमा लेगा।


## आज अंतिम यात्रा

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे परम पूज्यनीय श्री कैलाशपति केडिया जी का स्वर्गवास दिनांक 6 फरवरी 2025, दिन गुरुवार को हो गया है।

आपकी अंतिम यात्रा दिनांक 7 फरवरी 2025, दिन शुक्रवार, दोपहर 12.00 बजे हमारे निवास स्थान A 30/8, DLF Phase -1, डीटी मेगा मॉल के पीछे, गुड़गांव से लोधी रोड क्रेमाटोरियम, दिल्ली दोपहर 2.00 बजे अंतिम संस्कार हेतु पहुँचेगी।



**स्व श्री कैलाशपति केडिया**

जन्म : 20 फरवरी 1947 | स्वर्गवास : 6 फरवरी 2025

**Business Entities**
- Chhattisgarh Distilleries Limited
- NKJ Biofuel Private Limited
- Ilios Breweries Private Limited
- Delhi Public School- Mihan, Nagpur
- Delhi Public School- Kamptee, Nagpur
- Wild India Resorts (Kanha) Private Limited
- Thriving Hotels Private Limited
- NKJA Maxflow Pumps Private Limited
- Shri Sai Packwell Private Limited
- Great Galleon Ventures Limited
- Cheer Breweries Limited

शोकाकुल:
मंजू देवी केडिया (धर्म पत्नि)

विनय-रचना केडिया (पुत्र एवं पुत्र वधु)
सुरम्य, उत्सव (पौत्री, पौत्र)

नवीन-तुलिका केडिया (पुत्र एवं पुत्र वधु)
अरन्य, अनुनय (पौत्र)

रतन-रितु केडिया (भतीजा - वधु)
शलभ-श्वेता (पौत्र एवं पौत्र वधु)
प्रतिमा लाल, प्रीति मानसिंगका (पुत्री)

TEAM CREATIVE ADVERTISERS



## ग्रामीण/शहरी रणभूमि

### अपने दल के नेताओं से मेरे बारे में पूछ लेना : भूपेश



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के एक प्रवक्ता बिहार से आए हैं। उनका नाम नितिन नबीन है। आजकल गलियों में चुनौती देते घूम रहे हैं। किसी को भी चुनौती दे देते हैं। उनसे कहना चाहूँगा कि धनबल और प्रशासनबल से नामांकन रद्द और निर्विरोध कब्जाने की बजाय चुनाव होने दें और तब बात कीजिएगा। छीनकर तो बंदर भी पेड़ पर चढ़ जाता है। जहां तक मेरी हिम्मत की बात है तो यह अपने दल के नेताओं से पूछ लीजिएगा।

### भूपेश का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका : शिवरतन



प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अनुचित बयानबाजी पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा, लगातार हार और नगरीय निकाय चुनाव में भी पराजय की आशंका से कांग्रेस नेता भूपेश बघेल का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। उन्होंने कहा, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के बारे में व्यक्त बघेल के विचार कतई स्वीकार नहीं किए जा सकते। राजनीतिक विमर्श में ऐसी भाषा की कोई जगह नहीं होना चाहिए।



छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय अपने क्षेत्र की जनता से करों की वसूली, किराया, बाजार नीलामी, और ठेकों की बकाया राशि वसूल करने में लचर साबित हुए हैं। यह तथ्य छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा के पिछले साल के वार्षिक प्रतिवेदन से सामने आई है। हालत ये है कि पिछले 10 साल के दौरान बकाया मांग एवं कर, शुल्क जमा नहीं सबंधी आपत्तियां 316 करोड़ 45 लाख रुपए की सामने आई है। खास बात ये है कि नगरीय निकायों की आय का एक बड़ा स्रोत यही वसूली है।

# टैक्स की वसूली में नगरीय निकाय लचर, 10 साल में 316 करोड़ का बकाया, खर्चों के लिए सरकार के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निकाय यह काम सही तरीके से नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि निकायों को वित्तीय आत्म निर्भरता नहीं बन पा रही है, निकायों स्थापना व्यय यानी कर्मियों के वेतन, व अन्य प्रासंगिक व्यय के लिए राज्य शासन पर निर्भर होते जा रहे हैं। राज्य संपरीक्षा विभाग(ऑडिट) की रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थानीय निकायों के द्वारा अधिरोपित संपत्ति कर राजस्व का प्रमुख स्रोत है। इसका संवैधानिक आधार है। यह कर सातवीं अनुसूची की राज्य सूची में दर्ज है। संपत्ति कर स्थानीय निकायों की आय के कुल स्रोतों का 30-40 प्रतिशत है। लेकिन निकाय इसके समुचित दोहन का प्रयास नहीं कर रहे हैं।

**राज्य संपरीक्षा विभाग की ऑडिट रिपोर्ट से सामने आए तथ्य, संपत्ति कर ही निकाय की आय का बड़ा स्रोत, पर वसूली कम**




### संपत्ति कर का पुनरीक्षण भी नहीं

राज्य के नगरीय इलाकों में रहने वाले सभी निवासियों से संपत्ति कर वसूली का प्रावधान है। नगर निगम अधिनियम की धारा 143(3) के अनुसार हर पांच साल में इसे पुनरीक्षित किया जाना चाहिए। लेकिन अधिकांश निकाय ऐसा नहीं कर रहे हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में संपत्ति कर की स्व मूल्यांकन की प्रणाली प्रचलन में है। केवल संपत्ति कर ही नहीं बल्कि विभिन्न मदों जैसे अनिवार्य कर, शुल्क की बकाया राशि किराए की राशि एवं नीलामी की राशि के बकाया मांग की वसूली नहीं की गई है। यही कारण है कि नगरीय निकाय आत्मनिर्भर नहीं बन पा रहे हैं। निकाय अपने कर्मियों के वेतन, प्रासंगिक व्यय, की पूर्ति के लिए शासन पर निर्भर होते जा रहे हैं। बकाया मांग से संबंधित 62 आपत्तियों की कुल राशि 316 करोड़ लाख, 44 हजार, 77 हजार रुपए से अधिक है। यह राशि वर्ष 2015-16 से लेकर 2023 की स्थिति में है।

### इन निकायों में आई है बकाया वसूली की आपत्तियां

राज्य के जिन निकायों में ऑडिट के दौरान बकाया वसूली से संबंधित आपत्तियां हैं उनके नाम और राशि इस प्रकार है। नगर निगम बीरगांव में बकाया कर एवं मांग वसूली अपेक्षित , नवनिर्मित भवनों पर संपत्ति कर अधिरोपण की कार्यवाही नही किए जाने से से निगम को प्रतिवर्ष होने वाली आर्थिक क्षति, औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों के व्यावसायिक भवन एवं भूमि पर संपत्तिकर अधिरोपण की कार्यवाही नही किए जाने से हर साल होने वाले नुकसान की राशि जो तीन आपत्तियों के रूप में सामने आई है। इन आपत्तियों में करीब 200 करोड़ 85 लाख 12 हजार 874 रुपए शामिल है। हालांकि बीरगांव निगम में शामिल औद्योगिक क्षेत्र में संपत्ति कर की वसूली को लेकर लंबे समय से विवाद है। इस संबंध में कुछ प्रकरण न्यायालय में भी गए हैं। इधर रायपुर जिले की आरंग नगर पालिका परिषद ने 2017 से 2020 तक करों की मांग और बकाया राशि की वसूली नहीं की यह राशि 42 लाख 70 हजार से अधिक है। नगर निगम बिलासपुर ने 2017-18 संपत्तिकर, समेकित कर बकाया की राशि 59 करोड़ 37 लाख, 9 हजार रुपए हुई है। इसी निगम ने जलकर बकाया, आवासीय अनुरक्षण, भू-भाटक, विकास शुल्क, बाजार किराया, भवन किराया, विज्ञापन होर्डिंग, आदि की लाखों रूपए की वसूली नहीं की। कोरबा निगम ने 2015-16 में निगम के कर एवं किराया की राशि, नियमत समय में संपत्ति कर अदायगी न करने पर देय अधिभार की राशि, रेल द्वारा माल के निष्कासन निर्यात किए गए माल पर सीमाकर जमा न किए जाने से आर्थिक क्षति, स्वीकृत दर से कम दर पर निर्यात सीमाकर जमा किए जाने राशि की आर्थिक क्षति, भारत के बाहर निर्यात किए गए माल पर सीमाकर जमा न किए जाने से आर्थिक क्षति में करोड़ो रुपए शामिल है जो वसूल नहीं किए। इसी क्रम में भिलाई निगम, कुम्हारी पालिका, जामुल, बेमेतरा,भाटापारा और महासमुंद सहित अन्य निकायों से विभिन्न मदों की राशि वसूल करने में असमर्थ रहे।

**रोचक खबरें**

## धमतरी नगर निगम में महापौर पद के कांग्रेस प्रत्याशी की याचिका हाईकोर्ट से खारिज

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने धमतरी नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार बनाए गए विजय गोलछा की याचिका खारिज कर दी है। याचिका में कांग्रेस प्रत्याशी ने 30 जनवरी को रिटर्निंग आफिसर द्वारा जारी आदेश को निरस्त करने की मांग के साथ चुनाव में भाग लेने की मांग की थी। ध्यान रहे कि रिटर्निंग आफिसर ने गोलछा के नामांकन को सही नहीं पाया था और चुनाव लड़ने के लायक नहीं माना गया था। याचिका में राज्य निर्वाचन आयोद, रिटर्निंग आफिसर धमतरी, कलेक्टर धमतरी के साथ ही भाजपा प्रत्याशी रामू रोहरा को पार्टी बनाया गया था।

गौरतलब है कि धमतरी नगर निगम के महापौर पद के कांग्रेस उम्मीदवार विजय गोलछा के नामांकन पर 29 जनवरी को कवींद्र जैन ने आपत्ति की थी। 30 जनवरी को आपत्ति पर सुनवाई हुई और लगभग दो घंटे तक चली बहस के बाद भाजपा की आपत्ति को स्वीकार करते हुए विजय गोलछा का नामांकन निरस्त कर दिया गया था। दरअसल आपत्ति में कहा गया था कि विजय गोलछा निगम में ठेकेदार करते हुए लाभ ले रहे हैं। इस हिसाब से उनका फॉर्म निरस्त किया जाए। धमतरी नगर निगम चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी इंदिरा देहारी ने नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 17-2 के तहत कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द किया गया है।



**रिटर्निंग आफिसर द्वारा जारी आदेश को निरस्त करने की मांग के साथ चुनाव में भाग लेने की मांग की थी**

### महापौर के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में

ध्यान रहे कि धमतरी नगर निगम में महापौर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी जगदीश रामू रोहरा के पोल एजेंट कविंद्र जैन ने इन विवरणों का हवाला देते हुए गोलछा के नामांकन पर आपत्ति दर्ज कराई थी। ज्ञात हो कि धमतरी नगर निगम में महापौर के लिए कुल 19 लोगों ने फॉर्म खरीदे थे, जिसमें से 14 लोगों ने फॉर्म जमा किए गए थे। इसी तरह पार्षदों की सीट के लिए कुल 165 फॉर्म खरीदे गए, जिसमें से 148 जमा हुए और 3 रिजेक्ट हुए। महापौर के लिए नामांकन दाखिल करने वाले 14 प्रत्याशियों में आशीष रात्रे, मितेश जैन, रामू रोहरा, तिलक राज सोनकर, विजय गोलछा, फिरोज खान, कृष्णा जगताप, अवैश हाशमी, गगन कुम्भकार, महेश कुमार रावटे, महेश कुमार साहू, रंजीत छाबड़ा, रूपा नागदेवे, सरिता असाई शामिल हैं। इसमें से गोलछा का नामांकन निरस्त कर दिया गया है।

## पार्टी से बगावत, 12 भाजपाई 6 साल के लिए निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर निगम के 48 वार्ड में से कुछ वार्ड में पार्षद का टिकट नहीं मिलने से बागी तेवर अपनाते भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ निर्दलीय मैदान में उतरे 12 लोगों को 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। यह कार्रवाई प्रदेश महामंत्री जगदीश राम रोहरा ने की है, उन्होंने आज आदेश जारी किया है। इस संबंध में जिलाध्यक्ष वेदप्रकाक्ष पांडे ने बताया कि नगरपालिक निगम में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के विरुद्ध निर्दलीय चुनाव लड़ रहे गजेंद्र कुमार साहू, उत्तम कुमार साहू, करण बघेल, कुबेरनाथ देवांगन, मानिक राम नाग, चंद्रभान नागवंशी, चिंतामणि सोनी, रामकुमार मंडावी, रूपरानी दास,रामू कश्यप, गायत्री सोनी तथा धनसिंह नायक को भाजपा से बाहर कर दिया गया।

इनमें सुभाष वार्ड से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे कुबेरनाथ देवांगन भाजपा प्रत्याशी के. यशवर्धन राव को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। उन्होंने स्वयं के लिए टिकट मांगा था लेकिन भाजपा ने कुछ महीने पहले कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए यशवर्धन राव को टिकट दी है, जो सुभाष वार्ड के मतदाता नहीं है। हालांकि यशवर्धन राव नगरीय चुनाव की दृष्टि से काफी अनुभवी हैं, वे 5 बार पार्षद बने हैं। दो बार कांग्रेस से और दो बार निर्दलीय चुनाव जीते हैं। वहीं एक बार निर्विरोध पार्षद का रिकार्ड भी उनके नाम दर्ज है। वैसे सुभाष वार्ड को भाजपा का वार्ड माना जाता है। यहां लगातार भाजपा पार्षद ही चुनते आ रहे हैं। कांग्रेस को जीत का मौका अभी तक नहीं मिला है। इस बार भी मुकाबला भाजपा और बागी भाजपा प्रत्याशी के बीच है। कांग्रेस प्रत्याशी हरीश साहू भी इस वार्ड का नहीं है, जो रमैय्या वार्ड का निवासी है। इस तरह निर्दलीय कुबेरनाथ देवांगन को इसी वार्ड का निवासी होने का लाभ मिल रहा है।

### दुर्ग में भी दो दर्जन बागियों पर गिरी गाज

दुर्ग। भाजपा के बाद कांग्रेस ने भी दो दर्जन बागियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया हैं। दुर्ग शहर जिलाध्यक्ष गया पटेल द्वारा जारी सूची में छः साल के लिए ऐसे बागियों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया हैं। उल्लेखनीय है कि, नगरनिगम के साठ वार्ड में होने वाले चुनाव में इससे पहले भाजपा ने तीस बागियों को बाहर कर दिया है। वहीं कांग्रेस ने भी गुरूवार को आदेश जारी वार्ड 1, हिमांशु सिन्हा, वार्ड 2, लिखन साहू, अविनाश सपहा, अजय श्रीवास्तव, वार्ड 6, मनीष यादव, वार्ड 7, राजेश नायक, वार्ड 8, अहमद हसन, वार्ड 11 सतीश देवांगन, वार्ड 15 पायल नेताम, वार्ड 16 मुकीम खान, वार्ड 19, युवराज ठाकुर, वार्ड 20 अमित देवांगन, वार्ड 23 शीला मानिकपुरी, वार्ड 30 खिलेश्वरी देवांगन, वार्ड 33 दिलीप मिश्रा, अनिता मटियारा, वार्ड 34 प्रीति सुजाता साहू, वार्ड 38 रामरतन जलतारे, वार्ड 42 प्रकाश गीते, वार्ड 44 बसंत खिलाडी वार्ड 45 दीपक चावडा, वार्ड 56 ललित ढीमर, वार्ड 60 राममिलन सेन (कुसुम राममिलन सेन) को बाहर कर दिया है।

## राज्य निर्वाचन आयुक्त ने चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

# एक ही ईवीएम मशीन से दो बार वोट डालेंगे एक महापौर या अध्यक्ष और दूसरा पार्षद के लिए

**राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि इस चुनाव में मतदाता एक ही ईवीएम मशीन के माध्यम से दो बार वोट डालेंगे, एक महापौर या अध्यक्ष और दूसरा पार्षद के लिए। उन्होंने मतदाताओं को इस प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने रायपुर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, सेजबहार में समीक्षा बैठक ली। बैठक में चुनावी प्रक्रिया की सुचारू रूप से संचालन के लिए किए जा रहे व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई । राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह , नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप एवं सहायक कलेक्टर सुश्री अनुपमा आनंद उपस्थित थे।



### समीक्षा बैठक में ये अधिकारी थे उपस्थित

इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह , नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप एवं सहायक कलेक्टर सुश्री अनुपमा आनंद अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर कीर्तिमान सिंह राठौर, आरटीओ आशीष देवांगन, अपर कलेक्टर निधि साहू, अभिलाषा पैकरा, एडिशनल एसपी विवेक शुक्ला, कीर्तन राठौर सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### आचार संहिता का कड़ाई से हो पालन

उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाए और किसी भी उल्लंघन की स्थिति में तत्काल कार्रवाई हो। साथ ही, मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन को समन्वय से काम करने के विशेष निर्देश दिए गए। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार में बनाए गए स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया और मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को मशीनों की कमीशनिंग, सुरक्षा, व्यवस्था, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेकर निर्देशित किया।

**मतदान केंद्र पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए**

रायपुर जिले के उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने बताया कि जिले के 11 नगरीय निकायों में कुल 11 लाख अड़सठ हजार 373 मतदाता है तथा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु 7 लाख 16 हजार 277 मतदाता है। जिले के नगरीय निकायों में 1221 मूल मतदान केन्द्र तथा 69 सहायक मतदान केन्द्र, इस प्रकार कुल 1290 मतदान केन्द्र है। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु 1374 मूल मतदान केन्द्र तथा 04 सहायक मतदान केन्द्र, इस प्रकार कुल 1378 मतदान केन्द्र है। उन्होंने बताया कि मतदान दलों, सेक्टर ऑफिसर तथा कमिंशनिग टीम को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वितरण वापसी टीम को प्रथम प्रशिक्षण दे दिया गया है तथा दिनांक 09 फरवरी को द्वितीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए और दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष व्यवस्था की जाए।

**टुकुन की नजर से...**




## कांग्रेस और भाजपा नेताओं के कई रिश्तेदार लड़ रहे चुनाव, साय के समधी भी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बीजेपी-कांग्रेस दोनों ही दलों में कई बड़े नेताओं के रिश्तेदार चुनाव लड़ रहे हैं. इनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समधि और स्वास्थ्य मंत्री की बहू भी मैदान में हैं। एक मंत्री के भाई निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। वहीं कांग्रेस के एक पूर्व मंत्री के परिवार का सदस्य चुनाव लड़ रहा है। ये तो उन नेताओं के परिजन हैं जो फिलहाल किसी न किसी सदन के सदस्य हैं इसके अलावा भी बीजेपी और कांग्रेस में नेताओं के परिजनों की सूची लंबी है जो चुनावी मैदान में ताल ठोकते नजर आ रहे हैं। परिजनों की संख्या और बढ़ सकती थी, लेकिन आरक्षण के चलते भी कुछ बाहर हो गए, जैसे टीएस सिंहदेव के भतीजे अदित्यश्वेर भी चुनावी मैदान में नहीं उतर पाए। इसके अलावा पंचायत चुनाव में कुछ सीटों पर ऐसी भी स्थिति बनी है, जहां बीजेपी और कांग्रेस ने अधिकृत प्रत्याशी किसी को बनाया है। लेकिन वहां नेताओं के परिजनों ने चुनाव मैदान में उतरकर मामला दिलचस्प बना दिया है।




**आरक्षण के कारण कई नेताओं के रिश्तेदार नहीं उतरे, अदित्यश्वेर नहीं लड़ रहे चुनाव**

सीएम विष्णुदेव साय के समधी टीकाराम कंवर जिला पंचायत का चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें धमतरी जिले के क्षेत्र क्रमांक 9 से भाजपा ने चुनावी मैदान में उतारा है। ऐसे में उनके मुकाबले में होने से इसकी चर्चा भी जमकर हो रही है। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की बहू चंपा जायसवाल नगर पंचायत झगराखांड से अध्यक्ष के लिए चुनावी मैदान हैं। पंचायत और निकाय दोनों चुनावों को मिलाकर बीजेपी और कांग्रेस के कई नेता चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा मंत्री लखनलाल देवांगन के भाई नरेंद्र देवांगन कोरबा जिले में पार्षद का चुनाव निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी विधायक रेणुका सिंह की बेटी मोनिका सिंह जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रही है, जबकि यहां बीजेपी ने वेद प्रकाश सिंह को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर की बहू जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ी रही है। कांग्रेस के पूर्व विधायक गुलाब कमरो की बहन भी जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रही हैं, जबकि वह जिला पंचायत सदस्य भी हैं। बीजेपी विधायक आशाराम नेता की पत्नी सुरेखा नेताम भी जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रही है. वे पहले सरपंच भी रह चुकी है।

## नगर निगम का चुनाव अंतिम चरण में कांग्रेस-भाजपा ने जमकर झोंकी ताकत

**पीसीसी अध्यक्ष ने 13 वार्ड और भाजपा नेताओं ने 9 वार्डों में किया प्रचार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम चुनाव अब अपने अंतिम पड़ाव में पहुंच चुका है। मतदान के लिए एक हफ्ते का समय भी नहीं बचा और चुनाव प्रचार के लिए तो अब मात्र 3 ही दिन शेष हैं। प्रचार के अंतिम चरण में कांग्रेस और भाजपा धुआंधार प्रचार में जुट गए है। अंतिम दौर में बड़े नेता वार्डों में उतर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजधानी रायपुर के 13 वार्डों में धुंआधार प्रचार किया। वहीं भाजपा के नेताओं ने 9 वार्डों में अपने प्रत्याशियों कि पक्ष में रैली निकालकर वोट मांगा। इस दौरान स्थानीय विधायक और संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे और कांग्रेस के वार्ड के पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। चुनावी सभाओं में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, यह चुनाव भाजपा की बेलगाम सरकार पर नकेल कसने का अवसर है। भाजपा की सरकार ने एक साल में छत्तीसगढ़ को बर्बाद कर दिया। रायपुर शहर को अपराध का गढ़ बना दिया। सरकार में कानून व्यवस्था नाम का चीज नहीं है। सरकार कौन चला रहा है? कहां से चल रही है? दिल्ली से चल रही है या नागपुर से चल रही है, इस सरकार में कितने मुख्यमंत्री है? हमारी सरकार में एक मुख्यमंत्री थे। इस सरकार में 4-4 मुख्यमंत्री है, कौन मुख्यमंत्री है पता ही नहीं है? शहर के विकास के लिये इन्होंने एक साल में 1 भी पैसा नहीं दिया।





### कांग्रेस पार्षद 24 घंटा करेंगे कामः बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि निगम का चुनाव मतलब शहर का चुनाव है। शहर का चुनाव मतलब सीधा 24 घंटा आपका काम करेंगे। कहां पानी बंद हो गया, कहां नल बंद हो गया, नाली बंद हो गया, नाली सफाई करना है, छोटा सीसी रोड बनाना है। ये छोटी-छोटी कामों के लिये आपके बीच में पार्षद 24 घंटा रहकर आपके साथ काम करेंगे। बड़ा काम है तो महापौर आपके लिये मदद करेंगे। इसलिये 24 घंटा आपके बीच में रहकर काम करने वाला पार्षद हमको बनाना है।

### भाजपा नगर निगम में बहुमत से जीतेगीः मीनल

भाजपा की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे और भाजपा के पदाधिकारी टीम बना कर डोर टू डोर जनसंपर्क कर केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के साथ भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। जनता द्वारा अच्छा प्रतिसाद भी प्राप्त हो रहा है। अपनी जनसंपर्क रैली के दौरान मीनल चौबे ने कहा, रायपुर नगर निगम चुनाव को लेकर जनता का भरपूर आशीर्वाद मुझे और भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों को प्राप्त हो रहा है। जनता का मन भाजपा के साथ है और जनता से मिल रहे प्रतिसाद को देखते हुए हम आश्वस्त है कि नगर निगम भाजपा मय होने जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी सरकारें चलाई जाती है, योजनाएं बनाई जाती है और उसका क्रियान्वयन भी अक्षर सह किया जाता है। नगर निगम को आदर्श नगर निगम बनायेंगे। जनता से मिल रहे आशीर्वाद के साथ हम निश्चित ही नगर निगम में बहुमत के साथ आयेंगे।
----

रायपुर
शुक्रवार, 7 फरवरी 2025
माघ शुक्ल पक्ष दशमी
वर्ष : 23, अंक : 202
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 31.7
न्यून. 20.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

4 विकेट से जीता भारत

राणा ने किया हर्षित

## टेस्ट, टी20 और अब वनडे के डेब्यू मैच में 3 विकेट लेने वाले पहले भारतीय



03 विकेट
01 मेडन
07 ओवर
53 रन

**नागपुर।** भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने गुरुवार को वनडे में पदार्पण करते हुए इतिहास रच दिया। राणा क्रिकेट के तीनों प्रारूप के डेब्यू मैच में 3+ विकेट लेने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। गुरुवार को खेले गए पहले वनडे में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 248 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 38.4 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 251 रन बनाते हुए चार विकेट से जीत दर्ज की।

### हर्षित का डेब्यू में प्रदर्शन

| प्रारूप | प्रदर्शन | बनाम | स्थान | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| टेस्ट | 3/48 | ऑस्ट्रेलिया | पर्थ | 2024 |
| टी20 | 3/33 | इंग्लैंड | पुणे | 2025 |
| वनडे | 3/53 | इंग्लैंड | नागपुर | 2025 |

# रविवि का अनोखा 'टूरिज्म मैनेजमेंट', सिर्फ 10 छात्रों ने लिया था प्रवेश, लेकिन किसी ने नहीं भरा परीक्षा फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा संचालित कई पाठ्यक्रम में गिनती के ही छात्र दाखिला लेते हैं।

- अगले माह से विश्वविद्यालयीन परीक्षाएं, असमंजस में रविवि : पर्चे छापें या नहीं?

अलग खबर

इनमें से अधिकतर पाठ्यक्रम रविवि अध्ययनशाला में संचालित हैं। कई बार रविवि को सिर्फ 2-4 छात्रों के लिए ही प्रश्नपत्र छापने पड़ते हैं। हर परीक्षा में छात्र संख्या को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े आते ही रहे हैं। इस बार भी एक अजीबो-गरीब मामला रविवि अध्ययनशाला में आया है। रविवि में इतिहास विभाग के अंतर्गत होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का संचालन होता है। मौजूदा सत्र में इस पाठ्यक्रम में 10 छात्रों ने प्रवेश लिया, लेकिन इनमें से किसी भी विद्यार्थी ने परीक्षा फॉर्म ही नहीं भरा।

होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट की परीक्षा वार्षिक आधार पर होती है। अर्थात छात्रों को वर्ष में केवल एक बार मार्च-अप्रैल में होने वाली वार्षिक परीक्षा में शामिल होना होता है। रविवि द्वारा वार्षिक परीक्षाओं के ▶▶|शेष पेज 6 पर

### जनवरी में समाप्त हो चुकी है परीक्षाओं के लिए आवेदन तिथि

#### शून्य हो जाती है परीक्षा

यदि किसी परीक्षा में एक भी परीक्षार्थी नहीं होता है तो वह परीक्षा स्वतः शून्य हो जाती है। अर्थात उस विषय से संबंधित ना तो प्रश्नपत्र छापे जाते हैं और ना ही प्रश्नपत्र ही सेट करवाए जाते हैं। अगले माह से परीक्षाएं हैं, इसलिए पेपर ▶▶|शेष पेज 6 पर



#### दूसरी किस्त का भुगतान नहीं

डिप्लोमा पाठ्यक्रम की फीस छात्रों को दो किस्तों में भरनी होती है। पहली किस्त प्रवेश के दौरान भरी जाती है, जबकि दूसरी किस्त सेमेस्टर मध्य में जमा करनी होती है। सभी दस छात्रों ने प्रवेश के वक्त पहली किस्त तो भर दी, लेकिन दूसरी किस्त अब तक किसी भी विद्यार्थी ने नहीं भरी है। ऐसे में प्रबंधन यह मान चुका है कि छात्रों द्वारा पढ़ाई छोड़ दी गई है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, शुरुआती ▶▶|शेष पेज 6 पर

# सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी, शव के साथ यौन संबंध अपराध नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच कर्नाटक हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस मामले में कर्नाटक सरकार की ओर से एडिशनल एडवोकेट जनरल अमन पंवार ने तर्क दिया कि आईपीसी की धारा 375(सी) में 'शरीर' शब्द को मृत शरीर भी शामिल माना जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि रेप की परिभाषा के तहत प्रावधान में कहा गया है कि यदि कोई महिला सहमति नहीं दे सकती है तो इसे बलात्कार माना जाएगा। इसी तर्क के आधार पर मृत शरीर भी सहमति नहीं दे सकता, इसलिए यह अपराध ▶▶|शेष पेज 6 पर

- आईपीसी की धारा 375 केवल जीवित व्यक्तियों पर लागू होती है

*सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के बाद शव के साथ यौन संबंध के एक मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। हाई कोर्ट ने शख्स को रेप के आरोप से बरी कर दिया था, लेकिन हत्या की सजा कायम रही। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय दंड संहिता में नेक्रोफिलिया यानी शव के साथ कामुकता को अपराध नहीं माना गया है।*

#### कर्नाटक हाई कोर्ट ने क्या कहा था?

कर्नाटक हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि मृत शरीर के साथ यौन संबंध को बलात्कार नहीं माना जा सकता, क्योंकि आईपीसी की धारा 375 और 377 केवल जीवित मनुष्यों पर लागू होती है। धारा 375 और 377 का गहराई से अध्ययन करने पर यह स्पष्ट होता है कि मृत शरीर को 'व्यक्ति' या 'मानव' नहीं माना जा सकता।

#### सुप्रीम कोर्ट ने नेक्रोफिलिया को अपराध नहीं माना

- कर्नाटक हाईकोर्ट ने रेप के आरोप से किया था बरी आदेश के खिलाफ याचिका



#### क्या है पूरा मामला

कर्नाटक के 21 साल के युवक ने एक महिला की पहले हत्या की और फिर उसके मृत शरीर के साथ शारीरिक संबंध बनाए। उस आरोपी पर ट्रायल कोर्ट ने आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या और आईपीसी की धारा 375 के तहत बलात्कार के गंभीर आरोप लगाए थे।

#### दुश्मनी निकालने मत करिए दहेज कानून का इस्तेमाल

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक मामले की सुनवाई के दौरान दहेज के खिलाफ बने कानूनों के दुरुपयोग को लेकर चिंता जताई है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए दहेज उत्पीड़न के मामलों पर सतर्कता बरतने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने निजी दुश्मनी निकालने या गलत इरादे से दहेज कानूनों के इस्तेमाल को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने एक शख्स पर पत्नी द्वारा दायर आरोपों को रद्द करने का भी आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने शख्स के खिलाफ लगे आरोपों को खारिज कर दिया। बता दें कि शख्स की पत्नी ने उसके और उसके माता-पिता के खिलाफ आईपीसी की धारा 498-ए, 504, 506 और दहेज निषेध अधिनियम, के तहत मामले दर्ज कराए गए थे।

अष्टधातु से बने चरण चिन्ह का लोकार्पण

# शाह बोले- केवल एक संत- जैनाचार्य नहीं बल्कि युग पुरुष थे विद्यासागर महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

केन्द्रीय गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज डोंगरगढ़ स्थिति चंद्रगिरि तीर्थ में विनयांजलि समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि विद्यासागर महाराज केवल एक संत और जैनाचार्य नहीं थे, बल्कि वे युग पुरूष थे। उन्होंने तप और साधना से भारत को पूरे विश्व में पहचान दिलाई।

- चंद्रगिरि तीर्थ में विनयांजलि समारोह में शामिल हुए केंद्रीय गृहमंत्री

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री भारत सरकार अमित शाह ने कहा कि दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज ईश्वरतुल्य व्यक्तित्व हैं। आज इस पवित्र भूमि पर उन्हें काव्यांजलि देने का अवसर मिला है। आचार्य विद्यासागर ने यहां अंतिम साधना कर इस स्थान को समाधि के लिए पसंद किया। एक वर्ष बाद यहां काव्यांजलि देने के लिए आने का अवसर मिला है। दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज केवल एक संत नहीं, जैनाचार्य नहीं, युग पुरूष थे। उन्होंने नए विचार एवं युग का प्रवर्तन किया। उनकी तप साधना की तथा भारतीय संस्कृति, कर्मों के ज्योर्तिपुंज बने तथा देश की पहचान को विश्व में व्याख्यायित किया। उनके साथ बिताए हुए यादों का स्मरण करते उन्होंने कहा कि दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज का आग्रह हमारे देश की भाषाओं का संरक्षण-संवर्धन तथा संस्कृति को समृद्ध बनाने का था। उन्होंने कहा कि जी-20 सम्मेलन की मेजबानी के दौरान प्रधानमंत्री के आमंत्रण में पीएम ऑफ भारत लिखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके संदेशों का अनुकरण किया जिससे विश्व अचंभित हो गया। भारतीयता के भक्त इससे ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### अष्टधातु से बने चरण चिन्ह का लोकार्पण

इस अवसर पर गृहमंत्री ने दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज की स्मृति में 100 रुपए का सिक्का तथा उनके जीवन कंवल को वर्णित करने वाले पांच रुपए के स्पेशल कव्हर डॉक लिफाफा का विमोचन किया। 108 अष्टधातु से निर्मित आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के चरण चिन्ह का लोकार्पण किया।

#### छग को मिला संतों का आशीर्वादः सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आभार व्यक्त किया कि दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज का अधिकांश जीवन डोंगरगढ़ चंद्रगिरि तीर्थ में बीता और संलेखना के माध्यम से उन्होंने देह त्यागे। छत्तीसगढ़ की जनता एवं जैन समाज की ओर से उन्होंने गृहमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने आचार्य समता सागर महाराज तथा जैन मुनियों को धन्यवाद दिया। छत्तीसगढ़ की धरती में कदम रखने वाले सभी साधु संतों का आशीर्वाद प्रदेश को मिला है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने भी अपना उद्बोधन दिया।

*शंकरगढ़ सीईओ की शिकायत की जांच में गड़बड़ी उजागर*

# आठ सहकारी बैंक के प्रबंधकों ने खातों से हड़प लिए 20 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

खास खबर

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की विभिन्न शाखाओं में करोड़ों रूपए की गड़बड़ी सामने आई है। बैंक के शाखा प्रबंधकों ने अन्य बैंक कर्मियों के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से 20 करोड़ 21 लाख की राशि हड़प ली है। इस बड़े घोटाले के उजागर होने के बाद कलेक्टर एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में प्राधिकृत अधिकारी विलास भोस्कार ने घोटाले की जांच राज्य स्तरीय टीम अथवा आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### जांच के लिए लिखा गया है पत्र

प्राथमिक जांच में बैंक की 8 शाखाओं में 20 करोड़ से अधिक राशि का गबन करने का मामला सामने आया है। मामले की सूक्ष्म जांच के लिए प्राधिकृत अधिकारी ने सहकारिता सचिव को पत्र लिखा है।
- **एसपी सिंह**, सीईओ, को-ऑपरेटिव बैंक

# जीपी सिंह के खिलाफ एफआईआर-नोटिस रद्द

- कोर्ट ने दुर्भावना से की गई कार्रवाई माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह के खिलाफ एफआईआर के आधार पर हेड इन्वेस्टिगेटिंग यूनिट, नई दिल्ली द्वारा दर्ज की गई इसीआईआर को अपास्त करते हुए दोनों नोटिसों को भी रद्द कर दिया है। यह निर्णय उस वक्त आया जब कोर्ट ने पहले ही आय से अधिक संपत्ति के आरोपों में जीपी सिंह के खिलाफ दायर मामले को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने शिकायत और नोटिस को दुर्भावना से की गई कार्रवाई माना है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल ▶▶|शेष पेज 6 पर

एसडीआरएफ की टीम चला रही है रेस्क्यू ऑपरेशन

# नदी किनारे से गायब तीन युवकों में से दो की मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

तीन दिनों पूर्व तीन युवक अचानक लापता हो गए थे जिनका कपड़ा, बाइक सहित अन्य सामान हसदेव नदी की तट पर डूबान क्षेत्र में मिला था। पिछले दो दिनों से एसडीआरएफ की टीम हसदेव नदी में उनकी खोजबीन में जुटी हुई थी। आखिरकार गुरुवार को लापता दो युवकों की लाश हसदेव नदी से बरामद कर ली ▶▶|शेष पेज 6 पर



**आशुतोष का शव जलकुंभी में फंसने की संभावनाः** ऐसी संभावना जताई जा रही है कि आशुतोष का शव जलकुंभी में फंसने की वजह से नहीं मिल पा रहा है।

टायर फटने से अनियंत्रित हुई बस

# बस से टकराई कार, कुंभ जा रहे आठ की मौत

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में एक भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। ये सभी लोग जयपुर से प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान के लिए जा रहे थे। दुर्घटना दूदू इलाके में हुई है। मृतकों की पहचान दिनेश रेगर, नारायण, बबलू मेवाड़ा, किशन, रविकांत, प्रमोद सुथार, बाबू रेगर और प्रकाश मेवाड़ा के रूप में हुई है। वहीं, बस सवार मोहन सिंह, माया नायक और गुन्नू घायल हुई हैं।

#### कैसे हुआ हादसा

थानाधिकारी संजय प्रसाद मीणा ने बताया कि जोधपुर रोडवेज डिपो की बस जयपुर से अजमेर जा रही थी। तभी अचानक बस के टायर में ब्लास्ट हुआ, जिसके बाद चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस डिवाइडर तोड़ते हुए अजमेर की तरफ से जयपुर आ रही ईको से जा टकराई।



## चिंतन

# मानवीय गरिमा के खिलाफ अमेरिकी 'कृत्य' निंदनीय

अपनी हरकतों और अजीब फैसलों की वजह से इन दिनों अमेरिका चर्चा में है। ट्रंप और मस्क की जोड़ी अमेरिका को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह हांकना चाहती है। सत्ता संभालते ही ट्रंप संरक्षणवादी फैसले ले रहे हैं। पेरिस जलवायु करार और विश्व सवास्थ्य संगठन से हटने के बाद अमेरिका ने अपनी अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसी यूएसएड को 90 दिनों के लिए निलंबित कर दिया है तो अवैध प्रवासियों को उनके मानवाधिकार की अनदेखी करते हुए बेड़ियों में जकड़कर विदेश डिपोर्ट करना शुरू किया है। हथकड़ी में विदेश भेजे गए प्रवासियों में दो सौ से अधिक भारतीय भी हैं। हथकड़ी में वापस भेजने के अमेरिकी कृत्य की भारत में काफी आलोचना हो रही है। सरकार को जवाब देना पड़ रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि अवैध प्रवासियों का निर्वासन कोई नई बात नहीं है, पिछली अमेरिकी सरकारों ने भी ऐसा किया है, लेकिन नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार कतई स्वीकार्य नहीं है। देश में तीखी आलोचना के बाद यूं तो विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया है कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रही है कि निर्वासित किए जा रहे भारतीयों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न हो। भारत को केवल बयान जारी नहीं करना चाहिए, बल्कि अमेरिकी राजदूत को तलब कर अपना तीखा विरोध जताना चाहिए कि हथकड़ी लगाकर भारतीय नागरिकों को भेजना स्वीकार्य नहीं है। अवैध प्रवासियों की समस्या से समूचा विश्व जूझ रहा है। भारत भी अपनी आजादी के बाद से ही अवैध घुसपैठियों की समस्या से रूबरू होता रहा है। इसके बावजूद भारत ने कभी मानवाधिकार का उल्लंघन नहीं किया। अमेरिका सबसे पुराना लोकतंत्र है और मानवाधिकार की वैश्विक वकालत करता रहा है, कैदियों की गिरफ्तारी भी हथकड़ी में बंद है। ऐसे में अवैध प्रवासियों को हथकड़ी में उसके देश भेजना अमेरिकी मानवाधिकार कानून का ही उल्लंघन है। भारतीय प्रवासियों से अमेरिकी प्रशासन का अनुचित व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। भारत सरकार को कड़ा स्टैंड लेना चाहिए। अमेरिका ने यूएसएड (यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट) के जरिये विदेशी मुल्कों को दी जाने वाली सहायता पर भी तीन माह के लिए रोक लगा दी है। इस फैसले से भी भारत प्रभावित होगा। अमेरिका यूएसएड के जरिये सबसे बड़ा वैश्विक मानवीय मददगार है। वह अंतरराष्ट्रीय विकास पर भी दुनिया का सबसे बड़ा खर्च करने वाला देश है। दुनिया भर में अमेरिकी सरकार की ओर से मानवीय सहायता कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ़ कैनेडी ने यूएसएड की स्थापना 1961 में की थी। इसमें लगभग 10,000 लोग कार्यरत हैं। इसके 60 से अधिक देशों में आधार हैं। यूएसएड का अधिकांश बजट स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर खर्च किया जाता है। इसका सालाना बजट क़रीब 40 अरब डॉलर है, जबकि अमेरिकी सरकार का विदेशों में सहायता पर कुल बजट 68 अरब डॉलर का है। यूएसएड यूक्रेन, इथियोपिया, जॉर्डन, कांगो, सोमालिया, यमन, अफ़ग़ानिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार, नाइजीरिया, दक्षिण सूडान और सीरिया को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करता है। हर वेलफेयर स्टेट का मानवीय चेहरा होता है, अमेरिका का वैश्विक प्रभुत्व बढ़ने के पीछे भी उसकी सहायता एजेंसी का बड़ा हाथ है। यूएसएड को बंद कर देने से कई गरीब देशों के स्वास्थ्य कार्यक्रम पर असर पड़ेगा। अमेरिकी टैरिफ वार से भी गरीब आयातक देशों पर शुल्क की मार पड़ेगी।

## सारा संसार



देवराज स्वामी मंदिर का निर्माण विजयनगर के राजाओं ने करवाया था। यह हिंदू भगवान भगवान विष्णु को समर्पित है। मंदिर के अंदर अलंकृत उत्कीर्ण स्तंभ हैं, जो कि देखने में बेहद आकर्षित लगते हैं। इस भव्य मंदिर में एक विवाह कक्ष है जिसे भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी के विवाह की याद में बनाया गया था। इसमें एक पानी की टंकी भी है जिसके अंदर भगवान विष्णु की एक बड़ी मूर्ति है।

## बजट

तोखन साहू



# विकास, नवाचार और समावेशिता की दिशा में एक मास्टरस्ट्रोक

नया बजट मोदी सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो भारत को निरंतर आर्थिक विकास, नवाचार और सामाजिक समावेशिता की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है। वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और आर्थिक अस्थिरता के बीच, यह बजट एक दूरदर्शी और साहसिक खाका पेश करता है, जो तात्कालिक चुनौतियों और दीर्घकालिक आकांक्षाओं दोनों को पूरा करता है। यह बजट केवल आर्थिक विकास को गति देने का साधन नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकास के लाभ देश के प्रत्येक कोने तक पहुँचें। विशेष रूप से मध्यम वर्ग, किसानों, युवाओं और उद्यमियों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह सिर्फ एक वित्तीय दस्तावेज नहीं है, बल्कि भारत की आर्थिक रूपरेखा को बदलने, लोगों को सशक्त बनाने और वैश्विक स्तर पर देश की स्थिति मजबूत करने का रोडमैप है।

***कृषि और ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना :*** बजट के केंद्र में कृषि और किसानों के कल्याण के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है। कृषि क्षेत्र, जो भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, को इस बजट में विशेष प्राथमिकता दी गई है। राष्ट्रीय उच्च उत्पादकता बीज मिशन और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना जैसी पहलों के माध्यम से 100 कृषि जिलों में आधुनिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे लगभग 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा, पांच वर्षीय कपास उत्पादकता मिशन और आत्मनिर्भरता के लिए दलहन मिशन (विशेष रूप से तुअर, उड़द और मसूर पर ध्यान केंद्रित करते हुए) भारतीय कृषि को आत्मनिर्भर, सतत और लाभकारी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के अल्पकालिक ऋण की सुविधा प्रदान कर 7.7 करोड़ किसानों और कृषि श्रमिकों को सशक्त किया जाएगा। पारंपरिक कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) के तहत जैविक खेती को बढ़ावा देना और कृषि के डिजिटलीकरण की दिशा में उठाए गए कदम, वैश्विक स्तर पर टिकाऊ कृषि की ओर बढ़ने की रणनीति के अनुरूप हैं।

संघ बजट 2025 केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं है; यह 'नए भारत' की परिकल्पना का घोषणापत्र है। यह समावेशी, सतत और भविष्य के लिए तैयार भारत की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता है।किसानों, उद्यमियों, छात्रों और शहरी नागरिकों की आवश्यकताओं को संतुलित करते हुए, यह बजट भारत के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखता है। बजट 2025 एक मजबूत, आत्मनिर्भर और वैश्विक भारत की दिशा में नए युग की शुरुआत है।

***-लेखक भारत सरकार में आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री हैं।***



विश्लेषण

प्रदीप सरदाना

# बजट से रेल को मिलेगी नई गति

**रेल मंत्रालय देश के लिए ब्रिटिश राज से ही बेहद अहम रहा है। ब्रिटिश सरकार में रेल मंत्रालय का बजट पहले आम बजट का हिस्सा था। लेकिन सन 1921 में तत्कालीन 'ईस्ट इंडिया रेलवे कमेटी' के अध्यक्ष विलियम एक्वर्थ ने रेलवे के विकास के लिए, अपने वित्तीय प्रबंध अलग से तैयार करने की सिफ़ारिश की। तत्पश्चात 1924 से भारत में रेल बजट अलग से प्रस्तुत करने की शुरुआत हो गयी। मोदी सरकार में पहले तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने और फिर पीयूष गोयल ने 2016 में अंतिम बार रेल बजट पेश किया। रेल बजट को 92 वर्ष तक अलग पेश करने की परंपरा तब टूटी, जब 2017 में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने रेल बजट का आम बजट में विलय कर दिया।**

संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जब 2025-26 का बजट प्रस्तुत कर रही थीं तब यह संभावना तो थी कि यह बजट कुछ अलग होगा, लेकिन यह बजट इतना शानदार और उम्मीदों से भी ऊपर होगा, ऐसी उम्मीद शायद किसी को नहीं थी। इस बजट ने लगभग सभी वर्ग की झोलियां भरी हैं। साथ ही अधिकतर मंत्रालयों को भी इतना कुछ दिया है कि उनकी पुरानी योजनाएं तो अविरल चलती ही रहेंगी। फिर नया कुछ भी इतना होगा जो देश को विकसित भारत बनाने के साथ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में भी सहायक रहेगा।

इधर रेल मंत्रालय की बात करें तो यह मंत्रालय देश के लिए ब्रिटिश राज से ही बेहद अहम रहा है। ब्रिटिश सरकार में रेल मंत्रालय का बजट पहले आम बजट का हिस्सा था। लेकिन सन 1921 में तत्कालीन 'ईस्ट इंडिया रेलवे कमेटी' के अध्यक्ष विलियम एक्वर्थ ने रेलवे के विकास के लिए, अपने वित्तीय प्रबंध अलग से तैयार करने की सिफ़ारिश की। तत्पश्चात 1924 से भारत में रेल बजट अलग से प्रस्तुत करने की शुरुआत हो गयी। मोदी सरकार में पहले तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने और फिर पीयूष गोयल ने 2016 में अंतिम बार रेल बजट पेश किया। रेल बजट को 92 वर्ष तक अलग पेश करने की परंपरा तब टूटी, जब 2017 में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने रेल बजट का आम बजट में विलय कर दिया।

असल में सन 2014 में नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही भारतीय रेल का कायापलट करने के लिए जिस तरह का कृत संकल्प लिया,वह अद्भुत था। रेलवे के प्रति उस तरह का भव्य सपना उनसे पूर्व शायद किसी ने नहीं देखा होगा। क्योंकि मोदी सरकार से पहले भारतीय रेल अपनी स्थापना के 160 साल बाद भी अपने अपेक्षित गंतव्य पर नहीं पहुंच सकी। ऐसा नहीं कि पूर्व वर्षों में भारतीय रेल में कुछ विकास नहीं हुआ। कई बड़े काम, बदलाव, सुधार और विकास हुए लेकिन वैश्विक स्तर पर यूरोपीय देशों के साथ जापान और चीन ने रेल परिवहन को जो शिखर दिया,उसके सामने हम बहुत पिछड़े रहे। मिसाल के तौर पर देश में बिजली से चलने वाली पहली रेल ठीक 100 साल पहले 3 फरवरी 1925 को चल गयी थी। लेकिन भारतीय रेल में शत प्रतिशत विद्युतीकरण आज तक नहीं हो सका। मोदी सरकार ने अपने पिछले 10 साल में भारतीय रेल को 95 प्रतिशत विद्युतीकरण कर दिया है। लेकिन इसका शत प्रतिशत कार्य इस नए बजट के माध्यम से आगामी एक वर्ष में ही हो सकेगा। रेलवे का पिछड़ने का कारण इसका कम बजट भी रहा। देश स्वतंत्र होने के बाद सन् 1947-48 के लिए देश के प्रथम रेल मंत्री जॉन मथाई ने जो पहला रेल बजट पेश किया उसमें रेलवे को 14 करोड़ 28 लाख रुपये आवंटित किए गए। उधर मोदी सरकार से पूर्व वर्षों में तो रेलवे का बजट मात्र 20 से 25 हज़ार करोड़ होता था। जबकि इस बरस वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के लिए रेल मंत्रालय को 2 लाख 52 हज़ार करोड़ रुपये की राशि आवंटित कर भारतीय रेल के भविष्य को और उज्ज्वल करने के मार्ग को 'ग्रीन सिग्नल' दे दिया है। इतने बड़े बजट से भारतीय रेल जल्द ही विश्व रेल परिवहन में अपनी बड़ी उपस्थिती दर्ज कराने के लिए अत्यंत तीव्र गति से बढ़ सकेगी। हालांकि गत वर्ष भी वित्त मंत्रालय ने रेल के लिए इतनी ही धन राशि आवंटित



की थी तो इस बरस समय के साथ यह राशि और बढ़ी क्यों नहीं? इस पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि लगातार इतनी बड़ी राशि मिलना भी बड़ी बात है। रेल मंत्री वैष्णव इस बजट को लेकर यह भी कहते हैं-'यह एक ड्रीम बजट है। इसमें भविष्य की प्रगति की आधारशिला है तो आज की आवश्यकताओं के लिए राहत भी। इसे रेलवे के आधुनिकीकरण और डिजिटल व्यवस्था को बढ़ोतरी के साथ,रेलवे सुरक्षा के लिए भी काम सुगमता से हो सकेंगे। फिर नयी रेल गाड़ियां चलाने के साथ बुलेट ट्रेन को जल्द पटरी पर चलाने का काम भी।' इधर इस बरस रेल को 2 लाख 52 हज़ार रुपये की राशि तो बजट से आवंटित हुई है, साथ ही 10 हज़ार करोड़ रुपये अतिरिक्त संसाधनों से जुटाने का प्रावधान भी है। इससे यह बजटीय राशि बढ़कर 2 लाख 62 हज़ार करोड़ हो जाएगी। फिर भारतीय रेल अपने आंतरिक संसाधनों से भी 3 हज़ार करोड़ रुपये और भी एकत्र कर सकेगी। देश में आधुनिक वंदे भारत रेल गाड़ियां चलने से रेल परिवहन एक नए युग में पहुंच गया है। अभी 136 वंदे भारत देशभर में चल रही हैं लेकिन इस बजट के बाद देश में 200 और वंदे भारत चलाने की योजना सफल हो सकेगी। पुराने रिकॉर्ड को देखते हुए संभावना है कि आगामी वर्ष में ही करीब 75 और वंदे भारत शुरू हो जाएंगी। इसी के साथ रेल मंत्रालय 100 'अमृत भारत' रेल चलाने की योजना को साकार रूप देने में जुट गया है। देश में अभी दो 'अमृत भारत' चल रही हैं। 'अमृत भारत' निम्न आयवर्ग और श्रमिकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं। इन गैरवातानुकूलित गाड़ियों में भी वे लगभग तमाम सुविधाएं हैं जो वंदेभारत जैसी आधुनिक रेल में हैं। इनका किराया एक हज़ार किमी का सिर्फ 450 रुपये है, जिससे लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह आदर्श रेल है। इधर अब 200-250 किमी की कम दूरी की यात्रा के लिए भी 50 नमो भारत रैपिड ट्रेन भी जल्द शुरू हो सकेंगी। पहली नमो भारत रेपिड रेल अहमदाबाद और भुज के बीच 17 सितंबर 2024 को आरंभ हुई थी। इस सबसे भारतीय रेल को 17 हज़ार 500 नए सामान्य कोच और मिल सकेंगे। इस बजट में 4 लाख 60 हज़ार करोड़ रुपये नयी परियोजनाओं के लिए ही हैं। इससे अब देश में जहां 1300 नए आधुनिक रेलवे स्टेशन बनकर शुरू होने लगेंगे, वहीं एक हज़ार नए फ्लाईओवर्स और अंडरपास भी बनेंगे। वहीं अब 7500 किमी के पुराने ट्रैक बदलने और नए ट्रैक बनने का बड़ा काम भी होने जा रहा है। इस बजट में जो एक बड़ा काम और हो सकेगा, वह है रेलवे वर्कशॉप के आधुनिकीकरण का। इसके लिए 25 हज़ार करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान है।

वर्कशॉप के नवीनीकरण से भी भारतीय रेल को निश्चय ही एक नयी चमक मिलेगी। उधर रेल यात्रा की सुरक्षाओं को लेकर भी इस बजट में विशेष राशि है। जिससे सुरक्षा की कवच प्रणाली पर तेजी से काम शुरू हो सकेगा। अब 10 हज़ार नए कवच लगाने का प्रावधान है। रेल सुरक्षा के लिए इस बजट में एक लाख 16 हज़ार करोड़ रुपये हैं। कवच जल्द लग सकें, इसके लिए रेल ट्रैक के साथ बोगियों में भी बदलाव की जरूरत होती है, साथ ही प्रशिक्षित व्यक्तियों की भी। अब जहां रेल मंत्रालय ने 12 हज़ार व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया है, वहां पहले एक कवच को स्थापित करने में 23 दिन लगते थे। अब वही कवच मात्र 26 घंटे में लगाया जा सकेगा। इन सभी योजनाओं के अतिरिक्त देश दुनिया की नज़र हमारे बुलेट ट्रेन के प्रोजेक्ट पर भी लगी है। मुंबई से अहमदाबाद मार्ग की देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना का काम जापान के सहयोग से बहुत तेजी से चल रहा है। देश में हवा से बातें करती बुलेट ट्रेन को शुरू करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी पुराना स्वप्न है। ये नयी परियोजनाएं और बुलेट ट्रेन भारतीय रेल जगत को विश्व में एक नए शिखर पर ले जाएंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# सत्य में ऐसी शक्ति जो आपको सौ झूठ से बचाए



संकलित

**दर्शन**

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं। इसी सत्य के प्रति निष्ठावान हैं।

# अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र



संकलित

**प्रेरणा**

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहा: मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराज: मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराज: मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहा: तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहा: महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोले: निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### किताबों-अखबारों को बनाइए अपना साथी

युवा लोगों में इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल की वज़ह से किताबों में दिलचस्पी कम होती जा रही है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की वज़ह से युवा भारतीयों की पढ़ने की आदत में तेजी से बदलाव आ रहा है। स्मार्टफोन और लगभग मुफ्त इंटरनेट सेवाओं के प्रसार ने आदत बदलने की इस प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। इंस्टेंट मैगी युवा पीढ़ी का हिस्सा है। नतीजतन वे अपने जीवन को मैनेज करने के लिए गूगल का इस्तेमाल करते हैं। मेहनत, धैर्य और लगन से काम करके पुरानी पीढ़ी, जो कभी किताबें पढ़ती थी, अपने जीवन को मकसद देती थी। किताबें समस्या समाधान के लिए बहुत ज़रूरी थीं। बहरहाल, किताबों-अखबारों को साथी बनाने की जरूरत है, इससे नजरिया बदल जाएगा। *- संतोष साहू, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# किसी भी तरह के जातीय सफाए से बचना जरूरी



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पट्टी पर 'स्वामित्व' स्थापित करने का प्रस्ताव देने के एक दिन बाद संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने बुधवार को कहा कि किसी भी तरह के जातीय सफाये से बचना जरूरी है। गुतारेस ने इसी के साथ इजराइल-फलस्तीन संघर्ष के दो-राष्ट्र समाधान की एक बार फिर वकालत की। जातीय सफाये का मतलब किसी शक्तिशाली पक्ष की ओर से किसी जातीय समूह को उसकी भूमि से जबरन हटाने और कभी-कभी उसकी जगह किसी अन्य जनसांख्यिकीय समूह को वहां बसाने से है। उन्होंने कहा, समाधान की तलाश में हमें समस्या को और विकराल नहीं बनाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय कानून की आधारशिला के प्रति समर्पित रहना महत्वपूर्ण है। किसी भी तरह के जातीय सफाये से बचना जरूरी है। गुतारेस ने फलस्तीनी लोगों के अपरिहार्य अधिकारों के इस्तेमाल पर समिति के समक्ष अपनी टिप्पणी में दोहराया कि संयुक्त राष्ट्र इजराइल-फलस्तीन संघर्ष के दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, 'किसी भी टिकाऊ शांति के लिए दो-राष्ट्र समाधान की दिशा में ठोस, अपरिवर्तनीय एवं स्थायी प्रगति के अलावा कब्जे की समाप्ति और एक ऐसे स्वतंत्र फलस्तीनी राज्य की स्थापना की आवश्यकता होगी, जिसका गाजा एक अभिन्न हिस्सा हो।'

## ऑफ बीट

# बुध ग्रह अभी भी सिकुड़ता जा रहा



ग्रह वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि बुध अरबों वर्षों से सिकुड़ रहा है। सूर्य के सबसे निकट ग्रह होने के बावजूद, आंतरिक गर्मी निकल जाने के कारण इसका आंतरिक भाग ठंडा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि जिस चट्टान (और, उसके भीतर, धातु) से यह बना है, उसका आयतन थोड़ा सिकुड़ता जा रहा है। हालाँकि, यह अज्ञात है कि ग्रह आज भी किस हद तक सिकुड़ रहा है - और, यदि यह वाकई सिकुड़ रहा है, तो यह भी कोई नहीं जानता कि यह प्रक्रिया कितने समय तक जारी रहने की संभावना है। चूँकि बुध का आंतरिक भाग सिकुड़ रहा है, इसकी सतह (परत) के पास ढकने के लिए उत्तरोत्तर कम क्षेत्र रह गया है। यह 'दबाव थ्रस्ट' विकसित करके इसका जवाब देता है - जहां क्षेत्र का एक भाग निकटवर्ती इलाके पर धकेल दिया जाता है। यह सेब के पुराने होने पर उस पर पड़ने वाली झुर्रियों की तरह है, फर्क सिर्फ इतना है कि एक सेब इसलिए सिकुड़ जाता है क्योंकि वह सूख रहा है जबकि बुध अपने आंतरिक भाग के तापीय संकुचन के कारण सिकुड़ रहा है। बुध के सिकुड़ने का पहला सबूत 1974 में सामने आया जब मेरिनर 10 मिशन ने सैकड़ों किलोमीटर तक अपना रास्ता बना चुकी कई किलोमीटर ऊंची स्कार्पियों (रैंप जैसी ढलानों) की तस्वीरें प्रसारित कीं।

## ट्रेंड

### बिपिन रावत को श्रद्धांजलि



उत्तराखण्ड के यमकेश्वर, पौड़ी गढ़वाल में आज देश के प्रथम सीडीएस 'पद्म विभूषण' जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा अविस्मरणीय है, उनके साहस एवं शौर्य को नमन!

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### अपने विमान क्यों नहीं भेजे



मोदी सरकार को निर्वासन पर एक विस्तृत बयान देना चाहिए और यह भी बताना चाहिए कि हमने अपनी धरती पर एक सैन्य विमान उतारने के बजाय भारतीयों को गरिमा और सम्मान के साथ वापस लाने के लिए अपने विमान क्यों नहीं भेजे।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### शिक्षा प्रणाली में बदलाव



यह जरूरी है कि हमारी शिक्षा प्रणाली दुनिया में हो रहे बदलाव के अनुरूप ढले और युवा भारतीयों को आगे बढ़ने और हमारे देश को आगे ले जाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करे।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### एआई का स्वागत



एआई वास्तव में एक लोकतांत्रिक तकनीक है, जो उन लोगों का समर्थन करती है जो उस गति से परिवर्तन को संभालने के इच्छुक हैं जो अधिकांश के लिए अराजकता है। हमारे लिए रचनात्मकता अराजकता से पैदा होती है, हम इसका स्वागत करते हैं।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## पाकिस्तान से पहली बार महाकुंभ आए लोग हुए भावुक

# 'सनातन धर्म में जन्म लेने के गौरव की अनुभूति हो रही'

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

भारत-पाकिस्तान के संबंध आमतौर पर तनावपूर्ण ही रहते हैं। लेकिन, इस सबके बीच पाकिस्तान से पहली बार 50 लोग महाकुंभ आए हैं। सोशल मीडिया पर महाकुंभ की दिव्यता के बारे में देख-सुनकर पाकिस्तान के सिंध प्रांत के हिंदू श्रद्धालु खुद को यहां आने से रोक न सके। गुरुवार को सिंध से 68 हिंदू श्रद्धालुओं का एक जत्था प्रयागराज पहुंचा। मेला क्षेत्र के सेक्टर-9 में स्थित श्रीगुरुकार्ष्णि के शिविर में 'बातचीत में सिंध से आए गोबिंद राम माखीजा ने बताया, 'हमने जब से महाकुंभ मेले के बारे में सुना है, तब से हमारी इच्छा थी कि हम यहां आएं। हम खुद को यहां आने से रोक नहीं सके।' मखीजा ने कहा, 'पिछले साल अप्रैल माह में 250 लोग पाकिस्तान से प्रयागराज आए थे और गंगा में डुबकी लगाई थी। इस बार सिंध के छह जिलों-गोटकी, सक्कर, खैरपुर, शिकारपुर, कर्जकोट और जटाबाल से 68 लोग प्रयागराज पहुंचे हैं, जिनमें करीब 50 लोग पहली बार महाकुंभ में आए हैं।' गोबिंद माखीजा ने आगे कहा, 'यहां अजब आनंद आ रहा है, बेहद खुशी हो रही है, यहां का अनुभव बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। यहां आने पर हमें सनातन धर्म में जन्म लेने के गौरव की अनुभूति हो रही है।'

**पड़ोसी देश के सिंध प्रांत से 50 से ज्यादा श्रद्धालु आए हैं भारत**



**'सिंध में हिंदुओं के साथ बहुत भेदभाव नहीं'**

सिंध प्रांत के गोटकी से आई 11वीं कक्षा की छात्रा सुरभि ने बताया कि वह पहली बार भारत आई है। उसने कहा, 'यहां पहली बार हमें अपने धर्म को गहराई से देखने-जानने का मौका मिल रहा है। बहुत अच्छा लग रहा है।' वहीं, सिंध से आई प्रियंका ने कहा, 'मैं पहली बार भारत और इस महाकुंभ में आई हूं। यहां अपनी संस्कृति को देखकर बहुत दिव्य अनुभव हो रहा है। मैं गृहिणी हूं और भारत आना मेरा सबसे बड़ा सौभाग्य है। हम पैदा ही वहां हुए और मुस्लिमों के बीच ही रहे। सिंध प्रांत में हिंदुओं के साथ बहुत भेदभाव नहीं है, जैसा कि मीडिया दिखाती है। लेकिन अपनी संस्कृति को जानने का मौका हमें यहां आकर मिल रहा है।'

### कुछ इलाकों में हिंदुओं के लिए थोड़ी मुश्किलें

भारत में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर अपने विचार प्रकट करते हुए सक्कर जिले से आए निरंजन चावला ने कहा, 'सिंध में ऐसा माहौल नहीं है कि लोग भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करें। लेकिन कुछ इलाकों में हिंदुओं के लिए थोड़ी मुश्किले हैं।' चावला ने आगे कहा, 'मैं भारत सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि वीजा जारी करने की प्रक्रिया थोड़ी आसान की जाए। अभी वीजा मिलने में 6 महीने लग जाते हैं। हालांकि, यहां आए जत्थे को सरलता से वीजा दिया गया, जिसके लिए हम भारत सरकार को धन्यवाद देते हैं।' चावला ने बताया, ' कुंभ के बाद हम हरिद्वार की यात्रा करेंगे। हमारे जत्थे में लोग छह अस्थि कलश लेकर आए हैं, जिन्हें वे हरिद्वार में विसर्जित करेंगे।

## यूजीसी ने 18 मेडिकल कॉलेजों से 7 दिन के अंदर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन ने एंटी-रैगिंग नियमों का पालन न करने वाले 18 मेडिकल कॉलेजों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस पाने वाले इन 18 मेडिकल कॉलेजों में दो कॉलेज दिल्ली के भी हैं। इन कॉलेजों को नोटिस प्राप्त होने की तिथि से सात दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें चूक के कारणों और इस स्थिति को तुरंत सुधारने के लिए उठाए जाने वाले कदमों का विवरण दिया गया है। यूजीसी का कारण बताओ नोटिस पाने वाले 18 मेडिकल कॉलेजों में दो दिल्ली, दो तमिलनाडु, दो असर,दो पुडुचेरी, तीन आंध्र प्रदेश, तीन मध्य प्रदेश, एक तेलंगाना, एक पश्चिम बंगाल और एक उत्तर प्रदेश का मेडिकल कॉलेज शामिल है। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने कहा कि यह पाया गया कि इन कॉलेजों ने रैगिंग की समस्या को रोकने के लिए एंटी-रैगिंग विनियम, 2009 में निर्धारित अनिवार्य आवश्यकताओं का पालन नहीं किया है।



**प्रधानमंत्री ने साधा जमकर निशाना**

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में हुई चर्चा

# 'हमारा मूलमंत्र सबका विकास कांग्रेस का मूलमंत्र 'परिवार प्रथम'

## आपातकाल में देवानंद, किशोर कुमार पर 'ज्यादतियों' का किया जिक्र

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' उनकी सरकार का मूलमंत्र रहा है जबकि कांग्रेस का मूलमंत्र 'परिवार प्रथम' रहा है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राज्यसभा में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'कांग्रेस से 'सबका साथ, सबका विकास' की उम्मीद करना बहुत बड़ी गलती होगी। यह उनकी सोच से परे है और यह उनके रोडमैप के अनुकूल भी नहीं है क्योंकि पूरी पार्टी केवल एक परिवार के लिए समर्पित है।'

पीएम मोदी ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, 'नेहरू जी प्रधानमंत्री थे, पहली सरकार थी और मुंबई में मजदूरों की एक हड़ताल हुई। उसमें मजरूह सुल्तानपुरी ने एक कविता गाई थी, कॉमनवेल्थ का दास है, इसके जुर्म में नेहरू जी ने उन्हें जेल भेज दिया। बलराज साहनी एक जुलूस में शामिल हुए थे, उन्हें जेल में बंद कर दिया गया था। लता मंगेशकर के भाई हृदयनाथ मंगेशकर ने वीर सावरकर पर एक कविता आकाशवाणी पर प्रसारित करने की योजना बनाई, उन्हें आकाशवाणी से बाहर कर



दिया गया। देश ने इमरजेंसी का दौर भी देखा है जब देवानंद ने इमरजेंसी को सपोर्ट नहीं किया तो उनकी फिल्में दूरदर्शन से बैन करा दीं।'पीएम मोदी ने कहा कि गणमान्य लोगों को हथकड़ियां पहनाई गई थीं और शाही परिवार के सुख के लिए जेलें भरी गईं। पीएम मोदी ने कहा कि किशोर कुमार ने कांग्रेस के लिए गाना गाने से मना किया तो आकाशवाणी पर उनके सभी गानों को प्रतिबंधित कर दिया गया।

### कांग्रेस के मुंह से शोभा नहीं 'संविधान'

मोदी ने कहा, 'कांग्रेस के मुंह से संविधान शब्द शोभा नहीं देता। सत्ता सुख के लिए, शाही परिवार के अहंकार के लिए देश के लाखों परिवारों को तबाह कर दिया गया था, देश को जेलखाना बना दिया गया था। बहुत लंबा संघर्ष चला। आखिर में अपने आप को बहुत बड़ा 'तीस मार खां' मानने वालों को जनता जनार्दन की ताकत स्वीकारनी पड़ी, घुटने टेकने पड़े और जनता जनार्दन के सामर्थ्य से देश से आपातकाल हटी।''

### पल-पल का उपयोग हो देश की प्रगति के लिए

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास जो समय है, उसके पल-पल का उपयोग देश की प्रगति के लिए हो, इसके लिए उनकी सरकार ने योजनाओं को शत प्रतिशत तक लक्ष्य तक पहुंचाने का प्रयास किया। राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की किरण चौधरी ने तीन फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया था और भाजपा के ही नीरज शेखर ने इसका समर्थन किया था। सत्तर से अधिक सदस्यों ने इस प्रस्ताव पर हुई चर्चा में हिस्सा लिया।

**सांसद संजय सिंह का बड़ा आरोप- 'आप' को तोड़ने की कोशिश कर रही भाजपा**

# हमारे विधायकों को आया 15-15 करोड़ का ऑफर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में विधानसभा चुनाव में मतदान के एक दिन बाद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आपके 7 विधायकों के फोन कर उन्हें 15 करोड़ रुपये का ऑफर देने का आरोप लगाया है। आप नेता ने दावा किया कि बीजेपी ने दिल्ली में अपना ऑपरेशन लोटस शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में हम नाम और सबूत भी साझा करेंगे। संजय सिंह ने कहा, 'सात विधायकों (आपके) को भाजपा से फोन आए हैं, जिन्होंने उन्हें आम आदमी पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए 15 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। हमने विधायकों से ऐसी ऑडियो कॉल रिकॉर्ड करने और इसके बारे में शिकायत करने के लिए कहा है। अगर कोई उनसे मिले तो छुपे कैमरे से उसका वीडियो बना ले... बीजेपी ने वोटों की गिनती से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है और देश के बाकी हिस्सों की तरह दिल्ली में भी बीजेपी ने पार्टियां तोड़ने की राजनीति शुरू कर दी है।'



*कल आएंगे नतीजे : आपको बता दें कि दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर बुधवार 5 फरवरी को एक चरण में वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के मुताबिक दिल्ली में 60 फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई। चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। वहीं, चुनाव के बाद जारी हुए कई एग्जिट पोल्स ने दिल्ली में बीजेपी को बड़ी बढ़त मिलने का अनुमान जताया है।*




**तमिलनाडु में टीचर बने दरिंदे**

# स्कूल के बॉथरूम में 13 साल की छात्रा से रेप

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु के कृष्णगिरी जिले के एक सरकारी मिडिल स्कूल में 13 वर्षीय छात्रा के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया है। छात्रा के साथ यह वारदात उसके ही तीन शिक्षकों ने अंजाम दिया है। पुलिस ने इन तीनों शिक्षकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक बुधवार को आरोपियों के खिलाफ बच्चों के साथ यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट) की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से मामले की जांच और आगे की पूछताछ के लिए 15 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 2 जनवरी को स्कूल के बाथरूम में हुई थी। हालांकि, यह मामला एक महीने बाद 2 फरवरी को तब सामने आया जब पीड़िता के माता-पिता ने स्कूल के प्रधानाध्यापक को इस बारे में जानकारी दी।



**शिवपुरी में बहरेटा के पास हादसा**

# एयरफोर्स का फाइटर प्लेन हुआ क्रैश, खेत में गिरते ही लगी आग

## प्लेन ने ग्वालियर से उड़ान भरी थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| शिवपुरी

जिले में प्लेन बहरेटा सानी गांव के पास एयरफोर्स का एक फाइटर प्लेन मिराज-2000 क्रैश हो गया। हादसे में दोनों पायलटों के घायल होने की सूचना सामने आई है। प्लेन एक खेत में क्रैश हुआ, जिसके बाद उसमें आग लग गई। प्लेन जलकर खाक हो गया है।

घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल के पास पहुंच गए थे। मौके पर एयरफोर्स का हेलीकॉप्टर पहुंचा और दोनों पायलटों को लेकर ग्वालियर रवाना हुआ है। प्लेन क्रैश होने के कारणों का फिलहाल कोई खुलासा नहीं हो सका है। घटना के बाद घायल पायलट की तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें वो मोबाइल पर किसी से बात करते दिख रहे हैं।



# बाजार में दूसरे दिन गिरावट सेंसेक्स 213 अंक फिसला



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा से पहले निवेशकों के सतर्कता बरतने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की ताजा निकासी के बीच बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 213 अंक कमजोर हो गया जबकि निफ्टी में 93 अंकों की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि दिग्गज कंपनियों भारती एयरटेल, आईटीसी और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयरों में मुनाफावसूली हावी होने से बाजार नकारात्मक दायरे में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 213.12 अंक गिरकर 78,058.16 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 427.29 अंक गिरकर 77,843.99 पर आ गया था। निफ्टी 92.95 अंक यानी 0.39 प्रतिशत गिरकर 23,603.35 पर आ गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल अपने तिमाही नतीजे आने के पहले 2.47 प्रतिशत की गिरावट पर रहा।

■ निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया


## फ्लैट बेचना है किराये से देना है

शंकर नगर रायपुर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।


इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:-

मो. : 9977345867


नए गवर्नर मल्होत्रा की अगुवाई में पहली एमपीसी की बैठक होगी

# रिजर्व बैंक आज करेगा मौद्रिक नीति पर फैसला, रेपो दर में कटौती की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ मुंबई



आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई में हो रही मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पहली बैठक में लिए गए निर्णयों की घोषणा शुक्रवार सुबह की जाएगी। विशेषज्ञों ने ऐसी संभावना जताई है कि एमपीसी लगभग पांच साल के अंतराल के बाद रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती का फैसला कर सकती है। रेपो दर दो साल से 6.50 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछली बार मई, 2020 में कोविड-19 महामारी के समय रेपो दर को 0.40 प्रतिशत घटाकर चार प्रतिशत किया था। फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के जोखिमों से निपटने के लिए आरबीआई ने मई, 2022 में दरों में बढ़ोतरी करनी शुरू की थी और यह सिलसिला फरवरी, 2023 में जाकर रुका था। मौद्रिक नीति के संबंध में निर्णय करने वाली सर्वोच्च इकाई एमपीसी की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हुई। इस बैठक के अंतिम दिन शुक्रवार को ब्याज दर पर फैसले की घोषणा की जाएगी। एमपीसी की यह बैठक आरबीआई के नए गवर्नर के मातहत होने वाली पहली द्विमासिक समीक्षा बैठक है।


### नीतिगत दर 6.25 फीसदी पर लाने की उम्मीद

*उद्योग मंडल एसोचैम ने भी कहा कि नीतिगत दर में कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत पर लाने की व्यापक उम्मीदें हैं। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट कहती है कि मौद्रिक समीक्षा में ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की उम्मीद है।*

### वैश्विक परिस्थितियां प्रतिकूल बनी


*हालांकि यस सिक्योरिटीज के कार्यकारी निदेशक अमर अंबानी ने कहा, /"हमें इस बैठक में आरबीआई द्वारा दरों में कटौती की उम्मीद नहीं है। दरअसल वैश्विक परिस्थितियां इस स्तर पर दरों में कटौती के लिए प्रतिकूल बनी हुई हैं।/"*

## सोना 270 रुपए चढ़कर 86,070 प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर




नई दिल्ली। सोने में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को जारी रहा और राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 270 रुपये चढ़कर 86,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया और शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना 270 रुपये की तेजी के साथ 85,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को यह धातु 85,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। दिल्ली विधानसभा चुनाव के कारण बुधवार को सर्राफा बाजार बंद थे। बाजार सूत्रों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की सतत लिवाली, कमजोर रुपये और शेयर बाजार में गिरावट के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई।

## जोमैटो ने बदला नाम, अब हुआ 'इटरनल'




नई दिल्ली। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने अपना नाम बदलकर इटरनल कर दिया है। कंपनी की बोर्ड ने इसकी मंजूरी दे दी है। कंपनी ने गुरुवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। जोमैटो के ग्रुप सीईओ और को-फाउंडर दीपिंदर गोयल ने बीएसई को लिखे एक पत्र में जानकारी दी, जब हमने 'ब्लिंकिट' को खरीदा था, तभी से हमने कंपनी और ब्रांड/ऐप के बीच अंतर करने के लिए इंटरनली 'इटरनल' (जोमैटो के बजाय) का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था। हमने यह भी सोचा था कि आने वाले समय में जिस दिन जोमैटो से आगे बढ़कर अब किसी और प्लेटफॉर्म पर अपनी धाक जमा लेंगे, उस दिन हम सार्वजनिक रूप से इस नाम का ऐलान कर देंगे।

## रुपया अब तक के अपने सबसे निचले स्तर पर



**मुंबई।** रुपया गुरुवार को 14 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.57 (अस्थायी) के अब तक के अपने सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर में कटौती की संभावना बढ़ने से रुपये पर दबाव बढ़ा है। मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कमजोर घरेलू बाजारों और आयातकों की डॉलर मांग से भारतीय मुद्रा नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। इसके अलावा, अमेरिकी व्यापार शुल्कों पर जारी अनिश्चितता के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण भी रुपये पर और दबाव पड़ सकता है।



बिजनेस साइट

# हर्षित अरबन सिटी में क्लोजिंग फेस्ट आज से, मात्र 20 प्लॉट बाकी



रायपुर। छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में रियल एस्टेट के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन को हर्षित अरबन सिटी में आयोजित प्लॉट मेला से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। हर्षित अरबन सिटी ने राजधानी रायपुर में रियल एस्टेट निवेशकों के बीच एक लोकप्रिय डेस्टिनेशन बनकर अपना स्थान मजबूत किया है। इस प्लॉट मेला में 80 प्रतिशत से अधिक प्लॉट्स बुक और सोल्ड हो चुके हैं। अब, हर्षित अरबन सिटी के क्लोजिंग फेस्ट में सिर्फ 20 प्लॉट्स बाकी हैं। 7 से 9 फरवरी तक चलने वाले इस फेस्ट में शामिल होकर आप भी अपनी पसंदीदा जगह पर प्लॉट बुक कर सकते हैं और उन भाग्यशाली ग्राहकों में शामिल हो सकते हैं जिन्होंने सिंघानिया बिल्डकॉन के इस शानदार प्रोजेक्ट को अपना नया आशियाना बनाने के लिए चुना है। रायपुर शहर के केंद्र में स्थित हर्षित अरबन सिटी रिंग रोड नं.-1, डी-मार्ट के सामने, रायपुरा में स्थित है। यहां 1000-3000 वर्गफुट के प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स किफायती कीमतों पर उपलब्ध हैं, जो एक शानदार शहरी जीवन और आधुनिक सुविधाओं के साथ आते हैं। सिंघानिया बिल्डकॉन ने इस प्रोजेक्ट के जरिए ग्राहकों को एक लक्जरी जीवन का अनुभव प्रदान किया है।

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम - छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरदायी कंपनी)

contact no (o)- 07868-222249

क्र / कार्य.अ./ परियोजना / सामा. / 1795 कांकेर, दिनांक 06.02.2025

### आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परियोजना संभाग, कांकेर के अंतर्गत कांकेर संभाग में, बारदेवरी चौक से प्रस्तावित 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कृष्टिकुर तक लगभग 3.7 कि.मी. 33 के.व्ही. लाईन का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिसे दिनांक 07/02/2025 को अथवा इसके पश्चात कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है, अतः लाईन से लगे हुए खंभे, स्टे एवं तार आदि पर चढ़ने अथवा छूने का प्रयास न करें, इससे घातक दुर्घटना हो सकती है, जिसके लिए छ.स्टे.पा.ड्रि.कं.लि. उत्तरदायी नहीं होंगा।

विवरण इस प्रकार है:-

| क्रमांक | उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित ग्रामों का नाम |
|---|---|---|
| 01 | बारदेवरी चौक से प्रस्तावित 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कृष्टिकुर | कृष्टिकुर तहसील - कांकेर जिला - उ.ब. कांकेर |

कार्यपालन अभियंता (परियोजना)
छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि. कांकेर

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइलः - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

**आवश्यकता है-** सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

**Wanted-** Urgently required Security Guards to work at Darramuda, Binjkot, Raigarh Duty : 12 hrs for 30 days Salary: 15000+PF& ESIC, Accommodation: Free Height: 5'6 and above Education: 10th pass.Distance: 100km above the location. 8497964446, 7805866633. (RO-3813)

**तत्काल आवश्यकता है-** बंगलो एवं ऑफिस में कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड की तत्काल आवश्यकता है अनुभव- 5 से 10 वर्ष, उम्र 30 से 40 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही संपर्क करें: - 9109972720.(RO-3272)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** होलसेल रेडीमेड कपड़े की दुकान कार्य करने लड़के /लड़कियों की आवश्यकता है जय स्पोर्ट्स तनिष्क शोरूम के पीछे पंडरी रायपुर 7587145990.(RO-339)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** डी.टी.पी. कम्प्यूटर आपरेटर- 4पद ,युवक / युवती की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता पेजमेकर, कोरल-ड्रा, डिजाईनिंग जानकारी हो। पार्टटाईम / फुलटाईम. संपर्क - भारत प्रिंटर्स तरूणटॉकीज वाली गली, संतराबाड़ी दुर्ग। मिलने का समय- 12से2 मो.- 98279-60336.(आरो न.-676)

### बेकरी/मिस्त्री

**आवश्यकता है-** बेकरी शॉप हेतु युवक व युवतियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार । संपर्क टिकरापारा, रायपुर 9754178006. (RO-354)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** रायपुर शहर में पैकेट माल की बिक्री हेतु अनुभवी सेल्समैन अथवा सेल्सगर्ल की आवश्यकता है। खुद का वाहन अनिवार्य है। संपर्क करे :- 93009-05560. (RO-926)

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(RO-3277)

**आवश्यकता है-** डिटॉल कंपनी के प्रोडक्ट की रायपुर में मार्केटिंग हेतु अनुभवी सेल्समैन की जो जनरल व मेडिकल मार्केट के बारे में जानकारी रखता हो, संपर्क करे:- अग्रवाल एजेंसी रायपुर Mob. 98264-16557. (RO-3270)

### वार्ड बॉय/गर्ल्स

**आवश्यकता है-** वार्ड बॉय, वार्ड गर्ल्स एवं नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है संपर्क करें- श्री गोविंद हॉस्पिटल, बॉस टाल, रायपुर फोन (0771)4913354, 7880106929. (RO-1630)

क्लासीफाईड

### ड्रायवर

**आवश्यकता है**
घरेलू वाहन (कार) चलाने हेतु
अनुभवी ड्रायवर
पुरुष -2 पद की.
लाइसेंस सहित मिलें।
नशा आदि करने वाले संपर्क ना करें ।
संपर्क करें:
मोती नगर, रायपुर
मो.9303389000
Aditya Advt.

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 20000/-प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल :- 9644720222. (RO-32)

**आवश्यकता है-** रायपुर में थ्री व्हीलर (अपे) माल वाहक ऑटो चलाने के लिए ड्राइवर की। अनुभवी को प्राथमिकता। वैध लाइसेंस,बायोडाटा के साथ संपर्क करे :- 9300905560.(RO-943)

**शीघ्र आवश्यकता है-** 5 टाटा एस ड्राइवर (10000/15000) 2 ई रिक्शा ड्राइवर (8000/12000 फ्लैक्स मशीन ऑपरेटर ग्राफिक डिजाइनर, 2 सेल्स एग्जीक्यूटिव 1 टैलीकॉलर की संपर्क 8871117007, 7862187165. (RO-3812)

**आवश्यकता है-** हर्ष मीडिया को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में V-30 Intra- LED वेन चलाने ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी ड्राइवर लाइसेंस, आधार कार्ड व अन्य विवरण सहित संपर्क करें- 8225022889, 9827806026.(आरो न.-7160)

**विज्ञापन बुकिंग टाइम**
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** नर्सिंग होम में कार्य हेतु प्रशिक्षित अप्रशिक्षित अनुभवी नर्सिंग स्टाफ, एएनएम जीएनएम, पैरामेडिकल, वर्कर आया, रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है केजीएन चिकित्सालय बैरन बाजार फब्वारा चौक रायपुर मिले 12 से 5 तक 9425502209, 9893042209. (RO-6207)

### अकाउंटेंट/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** मदर्स प्राइड हा. से. स्कूल, खम्हरिया आवश्यकता अकाउंटेंट- 03 पद, कंप्यूटर ऑपरेटर-03पद, सुरक्षा कर्मी-05 पद, ड्राइवर/परिचालक-05-05 पद, संपर्क- 78050-15500, 86023-48376 ईमेल-mpshooffice@gmail.com(RO-143)

### सेल्स मैनेजर/एक्जीकेटिव

**आवश्यकता है-** सीनियर सेल्स मैनेजर-4 (ऑटोमोबाइल प्राथमिकता) सेल्स एग्जीक्यूटिव- 4 टेलीकालर (म/पु) अनुभवी 4 गार्ड, चौकीदार, चपरासी- 4 ड्राइवर घरेलू ऑटोमेटिक कार चलाना आता हो शराबी न हो- 2 कुक महिला घरेलू अनुभवी-2 अच्छे लोगों को रहने रूम. व्हाट्सएप में रिज्यूम भेजें और मिलें रिलेक्टो इवी, सोनडोंगरी, रिंगरोड-2, आयशर शोरूम के आगे हीरापुर, रायपुर 6266919195/93.(RO-3273)

### एकाउंटेंट/फिटर

**आवश्यकता है-** रायपुर रिशता लोहा बाजार में एकाउंटेंट-1, आटोकेड ऑपरेटर-1 सुपरवाइजर-2, वेल्डर-4, हेल्पर-6, टर्नर-2, कटर-1, फिटर-4, सोशल मीडिया ऑपरेटर-2, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव -2 (लड़का/लड़की) की आवश्यकता है सम्पर्क- 9893070113 (Ro-36733)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

### अकाउन्टेंट/काउन्सलर

**WANTED**
Applications are invited from English medium candidates for the following posts latest by 20th February 2025 for MVN Bhilai and Patan.

- **NTT/PRT** Graduate with D. Ed/ B.Ed.
- **TGT** Graduate/ Post Graduate with B.Ed.
- **PGT** Post Graduate with B.Ed. (2 yrs. Exp.)
- **ACCOUNTANT** B. Com/M. Com (2 yrs. Exp.)
- **COUNSELLOR** Graduate/ PG with fluency in English speaking
- **MUSIC** Degree/ Diploma in Music
- **Librarian** B. Lib/ M. Lib
- **PTI** B.P.Ed/ M.P.Ed

**MAITRI VIDYA NIKETAN**
(Bhilai & Patan)
Ph: 9752545670
0788-2265128, 2265912

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 7000 + कमीशन + वीकली बोनस से कमाए 15000 से 20000 तक। पता:- देवेंद्र नगर रायपुर (छ ग) मोबाइल 9630110656, 9752297987. (आरो न.-675)

### क्लिनिक कार्य

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लिनिक में कार्य हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क अर्हम डेंटल क्लिनिक NEAR बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा दुर्ग मिले 12to2 ,6to8 MO-7000537010.(आरो न.-1505)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** तत्काल आवश्यकता बंगले में कार्य हेतु घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभवः 5 से 10 वर्ष वेतनः योग्यतानुसार कृपया केवल अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें। संपर्क करें:- 9109972720.(RO-3271)

### सेल्स मैनेजर

**Wanted-** Required 2 Area Sales Manager for hospital and office furniture manufacturing company candidates with minimum 1 years experience only apply contact- universe industries Raipur 9907846133. (RO-7351)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** सर्जिकल आफिस में लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता,10 वी, 12 वी, संपर्क करे:-रामा मेडिटेक , गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर -15 / A, रायपुर 7089933233. (RO-935)

**आवश्यकता है-** आगरा में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र संपर्क करें- 8937847856, 6395268809.(RO-301)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** नवयुवकः ग्राहक को माल दिखाना एवं माल जमाने हेतु। सम्पर्क समय 10-3 बजे,ड्यूटी समय 10-8 श्री ट्रेडर्स, इंटीरियर वर्ल्ड, भाटागांव जलगृह मार्ग मो. 7879311110 (RO-6209)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
6263818152

### (प्यून) चपरासी

**आवश्यकता है-** गोडाऊन में कार्य हेतु लेबर (पीयून/चपरासी) की । सोना ट्रेडिंग कंपनी, सांता स्वीट्स के पास, भनपुरी बाजार चौक, भनपुरी, रायपुर । संपर्क - 6266694683 (समय - 10 से 6) (RO-920)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 8918984004.(RO-3262)

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें**
62638-18152

**आवश्यकता है-** पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898.(RO-3275)

**आवश्यकता है-** आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 09034329258..(RO-670)

## Property प्रापर्टी

### भूमि

**भूमि बेचना है-** अंजोरा से 6 कि. मी., ग्राम भरदा पिकनिक स्पॉट से मात्र 3 कि.मी. ग्राम बिरेझर में फॉर्म हाऊस के लिए प्लॉट उपलब्ध है। सम्पर्क :- 99814 23470.(आरो न.-670)

छोटा विज्ञापन

### फ्लैट

**बेचना है-** बिलासपुर में मध्य नगरी चौक में वैष्णवी अपार्टमेंट में द्वितीय तल पर 2BHK फ्लैट बेचना है। कृपया खरीदार ही सम्पर्क करें- 9764523388.(RO-36737)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।





## Healthcare

**गुप्त रोगी स्वयं मिले**



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग मे ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क डॉ. अहमद
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
दिन- सोमवार, मंगलवार बुधवार, 10 से 5 बजे तक रविवार, 10 से 2 बजे तक
9098889899

**चिकित्सा मे अचूक प्रामाणिक प्रयोग**

यदि आप सभी उपाय एवं ईलाज कराकर थक गये हो। ना ही दवा को आप छोड़ पाते है ना ही दवा आपको छोड़ता हो बीमारी बार-बार होता हो तो रस रसायन एकमात्र उपाय है। ये सदा के लिए रोग से मुक्ति दिलाकर नवजीवन प्रदान करता है । क्योंकि यह वीर्य के निर्माण के साथ इम्यून सिस्टम में काम करता है जो अचूक है। यह रोग ही नही कारण को दूर करता है ।

रस- रसायन अर्थात आयुर्वेद के रस भस्म थोड़ा महंगा परंतु सटिक प्रमाणिक चिकित्सा है । जो रोगी के शरीर में जाने पर चूक नहीं सकता परंतु वात पित कफ से संबंधित रोग का निर्णय दवा का गुण एवं सटिक मात्रा की जानकारी होना आवश्यक है ।

(1) समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस, जोड़ो में दर्द, ऊंगलियों का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना ।

(2) समस्त प्रकार के वायरस - जन्य रोग एच.आइ.वी.(AIDS) हेपाटाइटिस (ABC) हर्पिस रोग (स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने-फुंसी, छाले चमड़ी का फटना, लाल होना, रुबेला) जीवाणु जन्य रोग, सिफलिस, गोनोरिया (सुजाक)

(3) समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग । नोट : पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आजतक कोई भी उपाय नहीं हैं। सावधान !

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

जंतु जगत
प्रत्यूष शर्मा

बच्चों, फूलों पर मंडराती रंग-बिरंगी प्यारी तितलियां, हर किसी का मन मोह लेती हैं। दुनिया भर में इन तितलियों की अनेक प्रजातियां हैं। यहां बताई जा रही तितलियों में से एक तितली को छोड़कर बाकी तितलियों को अपने-अपने राज्यों में राजकीय तितली घोषित किया गया है। जानो, इन मनभावन तितलियों के बारे में।



# मनमोहक रंग-बिरंगी तितलियां



## केसर-ए-हिंद तितली

**इस तितली** का वैज्ञानिक नाम टीनोपालपस इंपीरियलिस है। इसे अरुणाचल प्रदेश की राज्य तितली का दर्जा दिया गया है। केसर-ए-हिंद, जंगल में पाई जाने वाली सबसे दुर्लभ तितलियों में से एक है। यह तितली पूर्वी हिमालय में पाई जाती है। इस तितली को दिया गया नाम 'केसर-ए-हिंद' का शाब्दिक अर्थ 'भारत का सम्राट' है। इस तितली को मध्यम और उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में यानी 6,000 से 10,000 फीट की ऊंचाई पर देखा जा सकता है। इस तितली की उड़ान बहुत तेज होती है, यह पेड़ की चोटी पर बहुत तेज गति से पहुंच जाती है। केसर-ए-हिंद तितली भारत के अलावा नेपाल, भूटान, वियतनाम, म्यांमार, लाओस और दक्षिणी चीन में भी पाई जाती है। *

## 89-98 तितली

**इस तितली** का वास्तविक नाम डायएथ्रिया फ्लोजिया या यूक्लिड्स फ्लोजिया है। यह 89, 98 उपनाम से भी जानी जाती है, क्योंकि इसके पंखों पर 89 और 98 अंक जैसे चिन्ह अंकित होते हैं। यह एक ऐसी तितली है, जो संख्याओं का एक सेट पहनकर घूमती है। लगभग 200-1700 मीटर की ऊंचाई पर रहने वाली ये तितलियां बहुत ही एक्टिव रहती हैं। ये तितलियां एक जगह पर ज्यादा नहीं टिकती हैं यानी एक स्थान पर कुछ सेकेंड से ज्यादा आराम नहीं करती हैं। ये तितलियां सूर्यास्त से पहले अपने पंख फैलाकर धूप सेंकती देखी जाती हैं। रात होने पर ये किसी पत्ते के नीचे बैठकर आराम करती हैं। ये तितलियां कोलंबिया समेत दक्षिण अमेरिका के कई अन्य देशों में पाई जाती हैं। *





## ब्लू पैंसी बटरफ्लाई

**ब्लू पैंसी** तितली, जम्मू कश्मीर की राज्य तितली है। ब्लू पैंसी तितली अपने चमकीले नीले और काले पंखों के लिए जानी जाती है, जो नारंगी रंग के धब्बों से सजे होते हैं। यह तितली जम्मू-कश्मीर के घास के मैदानों में और उद्यानों में पाई जाती है। *

## ब्लू मॉर्मन बटरफ्लाई

**ब्लू मॉर्मन** तितली का वैज्ञानिक नाम पैपिलियो पॉलीमेनेस्टर है। आकर्षक रंग और बड़े-बड़े पंखों वाली यह तितली बहुत ही मनमोहक लगती है। इसे महाराष्ट्र की राज्य तितली घोषित किया गया है। बच्चों, इस तितली के बारे में एक खास बात यह भी जान लो कि महाराष्ट्र भारत का पहला ऐसा राज्य है, जिसने साल 2015 में अपनी राज्य की राजकीय तितली घोषित किया थी। इसके बाद कुछ अन्य राज्यों में भी अपने-अपने राज्य की राजकीय तितलियों की घोषणा की गई। ब्लू मॉर्मन भारत के अलावा श्रीलंका में भी बहुतायत में पाई जाती है। *



## पीकॉक बटरफ्लाई

**पीकॉक तितली** को पैपिलियो बियानोर के नाम से भी जाना जाता है। इसे भारत के उत्तराखंड राज्य की राज्य तितली का दर्जा प्राप्त है। इस तितली के पंखों पर पीकॉक यानी मोर की तरह बड़े-बड़े धब्बे और पैटर्न बने होते हैं। इन धब्बों और पैटर्न्स की वजह से ही इसे 'पीकॉक बटरफ्लाई' कहा जाता है। यह तितली जंगल, घास के मैदान, खेत, पार्क आदि में रहती है। इसके पंखों के नीचे का हिस्सा गहरे भूरे-काले रंग का होता है। पीकॉक तितली की एक खासियत यह भी होती है कि यह आस-पास के रंगों और माहौल में घुल-मिल जाती है। कोई खतरा भांपते ही किसी पत्ते की तरह स्थिर हो जाती है, जिससे इसके शिकार के लिए आया कोई शिकारी जंतु इसे पहचान नहीं पाता। यह तितली यूरोप, एशिया महादेशों और जापान के समशीतोष्ण क्षेत्रों में पाई जाती है। *



छोटी कहानी / समीर गांगुली

नदी के इस पार इंसान का बच्चा था तो दूसरे पार शेर का बच्चा था। दोनों ने एक-दूसरे को देखा और नदी में उतर कर शरारत करने लगे। पढ़ो एक मजेदार कहानी।

# दोस्ती-दुश्मनी

शेर जंगल की तरफ था। छोटा था छह महीने का।

शेरू गांव की तरफ था। वह भी छोटा था छह साल का।

दोनों के बीच नदी बह रही थी।

आज से पहले शेर ने दो पैर से चलने वाले किसी को नहीं देखा था। शेरू ने भी सचमुच का शेर नहीं देखा था। सो दोनों एक-दूसरे को देखने लगे। नदी के इस पार, उस पार से।

फिर दोनों ने नदी का पानी पीया। पहली बार अपने-अपने तरीके से, दूसरी बार दूसरे के तरीके से। फिर कुछ देर तक वे एक-दूसरे को देखते रहे।

शेरू को मजाक सूझा। वह पानी में उतरा और दोनों हाथों से पानी को छपछपाने लगा। यह देख शेर भी पानी में उतरा और पानी को छपछपाने लगा। ऐसा करके उन्होंने इतना पानी उछाला कि दोनों भीग गए।

तभी उनकी नजर ऊपर से नदी में बहती आ रही एक लंबी-मोटी चीज पर पड़ी। यह एक मोटे पेड़ का तना था, जो पहाड़ों से बहता चला आ रहा था। लेकिन उन्होंने इसे पानी का जानवर समझा और डर कर किनारों के बड़े पत्थरों के पीछे जा छिपे। जब तना बहता हुआ आगे चला गया तो उनका डर दूर हुआ। दोनों फिर से बाहर आकर एक-दूसरे की तरफ देखने लगे।

नदी गहरी थी और दोनों ही तैरना नहीं जानते थे, मगर वे एक दूसरे को और नजदीक से देखना चाहते थे। इसलिए वे फिर से पानी में उतर गए और दो कदम आगे, एक कदम पीछे करके थोड़ा आगे बढ़े। शेर दो पैर से चलना चाहता था। शेरू भी चार पैर की चाल देखना चाहता था। शायद दोनों एक-दूसरे से दोस्ती करना चाहते थे।

शेर ने आवाज लगाई, 'आऽऽऽऽ आऽऽऽ!'

शेरू ने भी आवाज लगाई, 'आऽऽऽऽ आऽऽऽऽ!'



तभी जंगल की तरफ से एक दहाड़ गूंजी। शेरू ने देखा, एक बहुत बड़ा शेर नदी के उस पार आकर खड़ा हो गया था। वह छोटे शेर का बाप था।

नदी के इस पार शेरू की तरफ भी तभी हलचल हुई, हवा में बंदूक की 'धांय' की आवाज गूंज उठी।

इधर शेरू का बापू शंभू अपनी दुनाली बंदूक के साथ खड़ा था।

नदी के दोनों पार, अब दोनों बच्चे अपने पिता के साथ थे।

शेर अपने बेटे को आदमी के बारे में बता रहा था और आदमी अपने बेटे शेरू को शेर के बारे में बता रहा था। बहुत बुरा, डरावना और नफरत लायक। फिर सब जहां से आए थे, वहां लौट गए।

शेर और शेरू ने एक बार भी मुड़कर एक-दूसरे की तरफ नहीं देखा। *

## जीके क्विज-140

1. हाल में संपन्न 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में किस राज्य ने सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार जीता?
2. असम के मुख्यमंत्री ने किस शहर को राज्य की दूसरी राजधानी बनाने की घोषणा की है?
3. खेलो इंडिया विंटर गेम्स का आयोजन कहां किया जा रहा है?
4. हाल ही में देश का केंद्रीय बजट पेश करने वाली वित्त मंत्री का क्या नाम है?
5. सबसे भारी धातु कौन सी है?
6. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
7. शरीर का कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
8. किस देश को 'केक की भूमि' कहा जाता है?
9. सेब में कौन-सा एसिड पाया जाता है?
10. विश्व का सबसे बड़ा द्वीप कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-140 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-139 का उत्तर :** 1.प्रलय, 2.ऋषभ पंत, 3.टेनिस, 4.बाबर, 5.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 6.क्षोभमंडल (ट्रोपोस्फेयर), 7.भारत और चीन, 8.प्रशांत महासागर, 9.स्वामी विवेकानंद, 10.बौद्ध धर्म

**जीके क्विज-139 का सही उत्तर देने वाले :** क्षमा-बिलासपुर, रमेश-रायगढ़, कबीर-हिसार, डिंपल-बिलासपुर, बी.ईशान-अहमदाबाद, बी.आकांक्षा-अहमदाबाद, मनोज-ईमेल से, राहुल-रोहतक, कुसुम-रायपुर, जतिन-महेंद्रगढ़

## हंसगुल्ले

**रिंकी :** चलो, डिनर कर लो।
**पिंकी :** लेकिन अभी तो दोपहर है। डिनर तो रात के खाने को कहते हैं।
**रिंकी :** हां, यह रात का बचा हुआ खाना ही है।
-अंशु, रायपुर




**टीचर :** मैं जो सवाल पूछूं, उसका जवाब फटाफट देना।
**रोहन :** जी मैम।
**टीचर :** बताओ, ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?
**रोहन :** फटाफट...।
-जीवेश, बिलासपुर

**साइंस टीचर :** कौन-सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
**राजू :** बेसन के पकौड़े।
-तनुजा, बेमेतरा

कहानी / सरस्वती रमेश

दादी ने अपने घर में एक लाइब्रेरी बना रखी थी। इस लाइब्रेरी में बच्चे भी किताबें पढ़ने आते थे। दादी को लगा कि लाइब्रेरी छोटी पड़ रही है तो उन्होंने एक बड़ी जगह खोज ली। अब समस्या यह थी कि इतनी ढेर सारी किताबें वहां पहुंचाई कैसे जाएं? लेकिन बच्चों ने ऐसा कुछ करिश्मा दिखाया कि सारी किताबें नई जगह पर देखते ही देखते शिफ्ट हो गईं!



# जादूगर बच्चे

कनिका को किताबें पढ़ने का बहुत शौक था। यह शौक उसे अपनी दादी से मिला था। असल में दादी ने अपने घर में ही एक छोटी-सी लाइब्रेरी बना रखी थी। उस लाइब्रेरी में तरह-तरह की ज्ञानवर्धक किताबें थीं। दादी जब भी फुर्सत में होतीं, लाइब्रेरी में बैठकर किताबें पढ़तीं। लाइब्रेरी की किताबें बड़ों के लिए ही नहीं, बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक थीं। दादी को पढ़ता देखकर कनिका भी लाइब्रेरी में जाने लगी। दादी ने अपनी लाइब्रेरी में बच्चों की ढेर सारी पत्रिकाएं, कॉमिक्स, स्टोरी बुक्स और जीके बुक्स लाकर रख दीं। ताकि कनिका को पढ़ने में दिलचस्पी पैदा हो। ये किताबें इतनी इंटरेस्टिंग थीं कि रविवार को कनिका के दोस्त भी वहां आकर किताबें पढ़ने लगे। धीरे-धीरे दादी की सहेलियों से ज्यादा वहां कनिका के दोस्त आने लगीं। दादी भी उनका पूरा ख्याल रखतीं। उन्होंने लाइब्रेरी को पूरी तरह बच्चों के लिए समर्पित कर दिया। अब तो आस-पास के खूब सारे बच्चे छुट्टी के दिन वहां जुटते। रविवार के दिन तो कनिका के घर में जैसे कोई बुक फेयर चल रहा होता। भीड़ बढ़ती देखकर दादी को महसूस हुआ कि लाइब्रेरी कहीं और शिफ्ट करनी पड़ेगी, क्योंकि अब घर में जगह कम पड़ने लगी थी।

जल्दी ही दादी ने घर के पास ही एक जगह देख ली। इसमें बड़ा-सा हॉल खाली पड़ा था, जिसके सामने एक छोटा-सा गार्डन भी था। बच्चे लाइब्रेरी से किताबें लेकर गार्डन में बैठकर पढ़ सकते थे। इसलिए दादी को यह जगह बहुत पसंद आई। उन्होंने लाइब्रेरी के लिए फर्नीचर का भी इंतजाम कर लिया, जिसमें किताबें रखी जा सकें और बच्चे बैठकर पढ़ सकें। जब लाइब्रेरी तैयार हो गई तो किताबें शिफ्ट करने की बारी आई। किताबें बहुत ज्यादा थीं। दादी घुटनों में दर्द के कारण बहुत चल-फिर नहीं पाती थीं। फिर किताबें किस तरह शिफ्ट की जाएं, दादी सोच में पड़ गईं। उन्होंने कनिका को अपनी चिंता बताई।

'दादी आप चौक पर से मजदूर लेकर आ जाएं, वो मजदूरी में कुछ पैसे लेकर किताबें वहां पहुंचा देंगे।' कनिका ने सुझाव दिया।

'लेकिन मेरे पास जितने भी पैसे थे, वह मैंने नई लाइब्रेरी के किराए और फर्नीचर के लिए दे दिया। अब तो मेरे पास बहुत कम पैसे बचे हैं, कब, कैसी जरूरत पड़ जाए पता नहीं, ये पैसे तब संकट में काम आएंगे। इन पैसे का मेरे पास रहना जरूरी है।' दादी ने कहा।

कनिका सोच में पड़ गई। बिना पैसे के तो कोई भी मजदूर नहीं आएगा। थोड़ी देर सोचने के बाद उसने चुटकी बजाते हुए जोर से कहा, 'आइडिया!'

दादी ने चौंक कर पूछा, 'कैसा आइडिया!'

'कल किताबें अपने-आप शिफ्ट हो जाएंगी। दादी बस आप देखती जाओ।' यह कहकर कनिका चली गई।

'किताबें अपने-आप कैसे शिफ्ट हो सकती हैं!' दादी मन ही मन सोच में पड़ गईं। अगले दिन रविवार था। दादी सब्जी लेने बाजार गई थीं। हर बार की तरह कनिका के सारे दोस्त और मोहल्ले के बच्चे कनिका के घर पहुंच गए। कनिका ने किताबें शिफ्ट करने की अपनी योजना के बारे में बच्चों को बताया। 'यह तो बहुत मजेदार प्लान है।' राहुल बोला। 'हां... हां...! यह तो किसी खेल जैसा है।' सुप्रिया बोली। फिर सारे बच्चे खुशी से चिल्लाते हुए चल पड़े। बच्चों ने कनिका के घर से शुरू करके नई लाइब्रेरी तक ह्यूमन चेन बना ली। फिर एक-एक किताब एक दूसरे को पास करने लगे। घंटे भर में ही सारी किताबें कनिका के घर से नई लाइब्रेरी तक पहुंच गईं। फिर बच्चों ने मिलकर किताबों को कायदे से रैक में लगा दिया। दादी जब लौटीं तो नई लाइब्रेरी में लगी किताबों को देखकर दंग रह गईं। 'यह सब कैसे हुआ?' दादी ने हैरानी से पूछा। 'जादू से...!' कनिका ने हंसते हुए कहा। सारे बच्चे भी हंस पड़े। बच्चों को हंसता देखकर दादी भी हंसते हुए बोलीं, 'बच्चे सच में जादूगर होते हैं, थैंक्यू मेरे जादूगर बच्चों!' *

बाल गीत
डॉ. आर. पी. सारस्वत



## रंग-बिरंगी बुक

रंग-बिरंगी बुक आई है।
बेहद सबके मन भाई है।।
इसका तो मुखपृष्ठ निराला।
बनी हुई इस पर है शाला।।
भीतर इसके बंदर, भालू।
लाल-टमाटर, बैंगन-कालू।।
वो देखो, वो हाथी-दादा।
खड़ा धूल का ओढ़ लबादा।।
फूलों से महकी है क्यारी।
तितली इनकी करे सवारी।।
काश! हमारे भी पर होते।
हम भी होते हरियल तोते।।
हमने उलट-पुलट ली सारी।
कितनी सुंदर, कितनी प्यारी।।
चलो, चलें अब घर चलते हैं।
विद्यालय में कल मिलते हैं।।

## रंग भरो-168

**रंग भरो-168** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





नक्श, हिसार



डॉली, दुर्ग



समृद्धि, शहडोल



तेजस, रायपुर



वाणी, रायपुर



अनन्य, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आदित्य-खैरागढ़, डॉली-मटियारी, प्रगति-बिलासपुर, रितेश-मटियारी, सार्थक-रायपुर, शौर्य-रोहतक, सौम्य-बालोद, वसनि-रायपुर, कार्तिक-खैरागढ़, रेयांश-बिलासपुर, कीर्ति-महासमुंद

## रंग भरो 169



बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में सोनू और मोनी मस्ती के मूड में दिख रहे हैं। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां बाईं तरफ एक आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। दाहिनी तरफ इस चित्र के कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर: A-5, B-3, C-2

## जैकेट के शेष

### नक्सली थे तब ......

वाली है, क्योंकि इन्हे निर्विरोध जीत मिल चुकी है। इन समर्पित नक्सलियों की कभी बीहड़ों में धमक होती थी और लोकतंत्र के खिलाफ काम करते हुए घटनाओं को अंजाम दिया करते थे, लेकिन अब समर्पण के बाद लोकतंत्र के प्रहरी बनकर ग्राम विकास में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। पिछले दो वर्ष में सुरक्षाबलों द्वारा नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बाद मिल रही लगातार सफलता के बाद बस्तर में नक्सलवाद की जड़ें कमजोर होती जा रही है। सैकड़ों की संख्या में नक्सलियों ने इन दो वर्षों में सरेंडर कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। समर्पण के पूर्व विकास के दुश्मन बने नक्सली अब समर्पण के बाद गांव के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। हरिभूमि ने ऐसे ही कुछ समर्पित नक्सलियों से चर्चा की, जिन्होंने लोकतंत्र में विश्वास करते हुए पंचायत चुनाव के लिए फार्म भरा और निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।

### ग्राम विकास में ....

ग्राम विकास में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। वहीं पूर्व में सरपंच रह चुके बुरसु मण्डावी ने बताया कि पिछले कार्यकाल में किए गए अधूरे काम इस वर्ष सब मिलकर पूरा करेंगे तथा ग्राम विकास में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

### ग्राम सरकार में .....

528 मतदाता वाले इस पंचायत में केवल सरपंच का चुनाव होना है, पंच के सभी पदों में निर्विरोध निवार्चन हो चुका है। इसी पंचायत के सात नम्बर वार्ड से चुने गए पंच सामू पिता बुटी पूर्व में नक्सल संगठन में शामिल था, जो 14 दिसम्बर 2016 को समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो चुका है और अब लोकतंत्र में विश्वास जताते हुए ग्राम सरकार में अपनी अहम भूमिका निभाएगा।

## पेज एक के शेष

### रविवि का अनोखा...

लिए परीक्षा फॉर्म भरवाए जा चुके हैं। विलंब शुल्क के साथ छात्रों को जनवरी तक का समय परीक्षा फॉर्म भरने के लिए दिया गया था। इसके बाद भी उक्त पाठ्यक्रम के किसी भी विद्यार्थी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई।

### शून्य हो जाती...

सेटिंग सहित अन्य तरह के कार्य जनवरी-फरवरी में ही शुरू हो जाते हैं। चूंकि होटल एंड टूरिज्म मैनेजेंट की परीक्षा के लिए एक भी आवेदन रविवि को प्राप्त नहीं हुए हैं, इसलिए इसकी परीक्षा भी शून्य की जाएगी। छात्रों के अनुरोध पर विशेष केस मानते हुए यदि विवि प्रबंधन उन्हें परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति प्रदान कर देता है, उस स्थिति में ही पर्चे हो सकेंगे। ऐसे में रविवि का परीक्षा विभाग इस असमंजस में है कि प्रश्नपत्र छापे जाएं अथवा नहीं।

### दूसरी किस्त का...

कक्षाओं के बाद छात्रों ने क्लास अटेंड करना भी बंद कर दिया था। प्रबंधन द्वारा भी इसे लेकर विशेष सख्ती नहीं दिखाई गई।

### शाह बोले- केवल...

आल्हादित एवं आनंदित थे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, लोकसभा सांसद राजनांदगांव संतोष पांडेय, जैन समाज के संत समता सागर महराज, जनप्रतिनिधि एवं जैन समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सुप्रीम कोर्ट की...

बलात्कार की श्रेणी में आना चाहिए। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार करने से इंकार कर दिया और कहा कि नेक्रोफिलिया भारतीय दंड संहिता के तहत कोई अपराध नहीं है, इसलिए वह हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने को इच्छुक नहीं है। इससे पहले कर्नाटक हाईकोर्ट ने यह भी स्वीकार किया कि नेक्रोफिलिया एक गंभीर समस्या है और संसद को इसे अपराध घोषित करने के लिए कानून बनाना चाहिए। एक मामले में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने भी दिसंबर में कहा था कि किसी मृत महिला या बच्ची के साथ यौन अपराध किया जाता है तो उसे आईपीसी की धारा 375 (बलात्कार) या पास्को अधिनियम के तहत अपराध नहीं माना जा सकता।

### आठ सहकारी बैंक के...

से कराने के लिए पत्र लिखा है तथा आरोपी बैंक कर्मचारियों के विरूद्ध एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। जनपद पंचायत शंकरगढ़ के सीईओ ने 4 सितम्बर 2024 को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक स्थित अपने खाते की राशि में देर होने की शिकायत नाबार्ड से की थी तथा बैंक की शंकरगढ़ एवं कुसमी शाखा में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितता होने का आरोप लगाया था। नाबार्ड के निर्देश पर बैंक तत्कालीन सीईओ सुनील वर्मा ने एडिशनल सीईओ राजेन्द्र तिवारी से जांच कराई थी। अधिकारी ने जांच के नाम पर खानापूर्ति कर बैंक की किसी भी शाखा में अनियमितता नहीं मिलने की रिपोर्ट भेज दी थी। 29 जनवरी 2025 को बोर्ड की बैठक में पुनः जनपद पंचायत शंकरगढ़ के सीईओ की शिकायत का मुद्दा उठा तो कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी ने टीम गठित कर शंकरगढ़ एवं कुसमी शाखा के बैंक खातों के लेन-देन की जांच कराने के निर्देश दिए। इसके पूर्व नाबार्ड के निर्देश पर बैंक के ऑडिटर से शाखाओं के लेन-देन की जांच कराई तो 13 करोड़ 14 लाख 82 हजार 590 रूपए का संदिग्ध लेनदेन उजागर हुआ। शाखा प्रबंधकों ने एक खाता खोलकर अन्य कई खातों से राशि आहरित कर ली है। जिन खातों से राशि की हेरफेर की गई है वे शासकीय हैं या फर्जी अभी इसका खुलासा नहीं हुआ है। ऐसे किसी भी खाते की केवाईसी की प्रक्रिया भी पूरी नहीं की गई है। प्राथमिक जांच में शाखा प्रबंधकों एवं अन्य बैंककर्मियों द्वारा वर्ष 2013 से 2021 तक बड़े पैमाने पर आर्थिक गड़बड़ी करने का मामला सामने आया है। बैंक में जिस स्तर पर गड़बड़ी चल रही थी प्रबंधन को बैंक की अधिकांश शाखाओं में इस तरह का सुनियोजित खेल चलने एवं गड़बड़ी की राशि में भी वृद्धि होने का संदेह है। बैंक की शंकरगढ़ एवं कुसमी शाखा में 13 करोड़ 14 लाख 82 हजार की आर्थिक गड़बड़ी मिली है जबकि रामानुजगंज शाखा के दो खातों 134.59 लाख एवं 13.83 लाख, राजपुर शाखा के एक खाता में 306.97 लाख, प्रेमनगर शाखा के दो खातों में 14 लाख एवं 11.74 लाख वहीं भैयाथान शाखा के एक खाते में 225 लाख का गबन करने का मामला उजागर हुआ है।

### जीपी सिंह के खिलाफ...

की बेंच में जीपी सिंह की पत्नी मनप्रीत कौर ने अपने तर्क पेश किए। मनप्रीत कौर, जो एमएससी लाइफ साइंस और पीएचडी की डिग्री धारक हैं, विभिन्न प्राइवेट कॉलेजों में गेस्ट लेक्चरर के तौर पर कार्यरत थीं। उनके अनुसार, शादी से पहले उन्होंने ट्यूशन और नौकरी के जरिए पैसे बचाए थे और शादी के बाद एजुकेशनल कंसलटेंट के रूप में कार्य करते हुए पर्सनैलिटी डेवलपमेंट क्लासेस भी शुरू की थीं। कोर्ट ने यह माना कि जीपी सिंह के खिलाफ की गई कार्रवाई दुर्भावना से प्रेरित थी। पूर्व में एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा दर्ज ऐसे अधिक संपत्ति के मामले को भी हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। इस निर्णय के आधार पर एफआईआर और नोटिसों को रद्द कर दिया गया। इस मामले में जीपी सिंह की ओर से एडवोकेट हिमांशु पाण्डेय ने अपनी दलीलें प्रस्तुत कीं।

### नदी किनारे से...

गई है जबकि तीसरे युवक का अभी तक पता नहीं चल पाया है। देर शाम होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया है। अब शुक्रवार की सुबह फिर से एसडीआरएफ की टीम तीसरे लापता युवक की खोजबीन के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाएगी। उल्लेखनीय है कि दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत अयोध्यापुरी निवासी सागर चौधरी 28 वर्ष, बजरंग साहू 19 वर्ष व आशुतोष सोनीकर तीनों दोस्त घर से घूमने के लिए निकले थे और अचानक लापता हो गए थे।


**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**
**राजनांदगांव वनमंडल राजनांदगांव**
कार्या. 225059

सर्व साधारण सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजनांदगांव वन मण्डल के डिपो में उपलब्ध ईमारती / जलाऊ / बांस का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय / वन काष्ठागार डिपो, चिरचारी से प्राप्त की जा सकती है।

**चिरचारी काष्ठागार, नीलाम दिनांक :- 17.02.2025, समय :- 9.00 बजे**
**काष्ठागार का नाम :- चिरचारी, वनमण्डल :- राजनांदगांव**

| क्र. | प्रजाति | नये वनोपज | | पुराने वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती घ.मी. | बल्ली / डे. नग | ईमारती घ.मी. | बल्ली / डे. नग | ईमारती घ.मी. | बल्ली / डे. नग |
| 1. | सागौन | 24.418 | 53 | 283.876 | 4925 | 308.294 | 4978 |
| 2. | साजा | - | - | 12.928 | - | 12.928 | - |
| 3. | बीजा | - | - | 109.004 | 106 | 109.004 | 106 |
| 4. | ह.मु.ख. | - | - | 4.222 | - | 4.222 | - |
| 5. | धावड़ा | - | - | 2.681 | - | 2.681 | - |
| 6. | कसही | - | - | 2.858 | - | 2.858 | - |
| 7. | नीलगिरी | 5.590 | 34 | - | - | 5.590 | 34 |
| 8. | अन्य | - | - | 16.551 | - | 16.551 | - |
| | योग | 30.008 | 87 | 432.120 | 5031 | 462.128 | 5118 |

(1) क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है। (4) ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
राजनांदगांव वनमण्डल राजनांदगांव
G-242505490/2



**संचालनालय**
**आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान**
**सेक्टर-24, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़**
E-mail : trti.cg@nic.in, Website: www.cgtrti.gov.in,
Phone: 0771-2960530, Fax: 0771-2960531

क्र. / टीआरआई/निर्माण/ 2024/3005 नवा रायपुर, दिनांक 20/01/2025

**// संक्षिप्त निविदा सूचना //**

आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, सेक्टर-24, नवा रायपुर अटल नगर के "आदिवासी संग्रहालय" भवन में DAIKIN COMPANY के 13 नग व्ही. आर. व्ही. एयर कंडिशनर एवं ZICO AIRCON कंपनी का 01 नग एयर हैण्डलिंग यूनिट (AHU) के मरम्मत कार्य खुली निविदा के माध्यम से कराये जाने हेतु सील बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म एवं निविदा शर्ते 500/- रूपये मात्र नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवस में दिनांक 20.02.2025 समय - शाम 5.00 बजे तक कार्यालय संचालक, आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, सेक्टर 24, नवा रायपुर अटल नगर से प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 26.02.2025 को शाम 5.00 बजे तक केवल डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा की जा सकती है तथा प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दिनांक 28.02.2025 को दोपहर 3.00 बजे खोली जायेगी। ई-मेल अथवा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

संचालक
आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान,
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)
G-242505495/3



**C/PDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
छत्तीसगढ राज्य शासन का एक उपक्रम (छ.ग.रा. विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कम्पनी)
कार्यालय - कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग (पूर्व), छ.ग.स्टे.पा.डि.कं.लि., भिलाई
(CIN: U40108CT2003SGC015822) Email ID-eecd.bhilaieast@cseb.gov.in
Tel. No.- 0788-2281075

**बिजली बंद होने की सूचना**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 132 के.व्ही. भिलाई-छावनी-कुरूद पारेषण (Transmission) लाईन का तार बदली करने का कार्य करने से निम्नलिखित फीडरों में दिनांक 08.02.2025 को समय सुबह 08:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी, जिससे इन फीडरों से जुड़े समस्त उपभोक्ता प्रभावित होंगे। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद हैं।

| क्र. | प्रभावित फीडर का नाम | प्रभावित उपभोक्ताओं का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 33 के.व्ही. निरोज | 19 नं. उच्चदाब उपभोक्ता |
| 2 | 33 के. व्ही. हथखोज (132 के.व्ही. उपकेन्द्र रिमोल्डिंग से) | 21 नं. उच्चदाब उपभोक्ता |
| 3 | 11 के.व्ही. उमदा | 06 नं. निम्नदाब उपभोक्ता |
| 4 | 33 के.व्ही. औद्योगिक फीडर-2 | 14 नं. उच्चदाब उपभोक्ता |
| 5 | 11 के.व्ही. राजाराम | 21 नं. औद्योगिक उपभोक्ता |
| 6 | 33 के.व्ही. इंडस्ट्रीयल डेड | 01 नं. उच्चदाब उपभोक्ता |
| 7 | 33 के.व्ही. सिम्प्लेक्स | 14 नं. उच्चदाब उपभोक्ता |
| 8 | 11 के.व्ही. फीडर-1 | इंदिरा नगर, हथखोज, भिलाई |

आवश्यकता अनुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें"
"विद्युत देयकों का भुगतान समय पर करें एवं असुविधा से बचें"
कार्यपालन अभियंता
नगर संभाग (पूर्व)
छ.ग.स्टे.पा.डि.कं.लि. भिलाई
S-42943/1



HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान


## नाइजीरिया के स्कूल में भीषण आग, 17 बच्चे जिंदा जले

एजेंसी ▶▶| नमोदा



नाइजीरिया के उत्तर पश्चिमी इलाके में पड़ते एक इस्लामिक स्कूल में आग लगने से 17 छात्रों की मौत हो गई। कई छात्र गंभीर रूप से झुलस गए हैं। अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं। देश की आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसी ने घटना की पुष्टि की है। एजेंसी ने कहा कि बुधवार को जम्फारा राज्य के कौरा नमोदा जिले में भीषण आग लग गई। इस दौरान स्कूल में 100 बच्चे मौजूद थे। 17 बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए हैं। उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। आग लगने की वजह का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि स्कूल के अंदर लकड़ियों का ढेर पड़ा था। किसी अज्ञात शख्स ने इसमें आग लगा दी। नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने हादसे पर दुख जाहिर किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि वे पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।


हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311, Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com, त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551, समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर, मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं: • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित्त की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध, OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर, समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे, मो. 7991031330, मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल — राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5771



■ मंगल सेणचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाएं**
1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**
2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्जन, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 5770 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5781

✱ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

■ MANGA_SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5780 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# लीजेंड-90 : छत्तीसगढ़ वॉरियर्स का जीत से आगाज, गुरकीरत और पवन की तूफानी फिफ्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीरनारायण स्टेडियम में लेजेंड 90 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने दिल्ली रॉयल्स को 5 विकेट से हराकर धमाकेदार जीत हासिल की। दिल्ली रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 172 रन बनाए। जवाब में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने सिर्फ 14.4 में 5 विकेट गंवाकर 174 रन बना लिए, जिससे उन्होंने दिल्ली रॉयल्स को 5 विकेट से हरा दिया।

दिल्ली के कप्तान शिखर धवन सिर्फ 6 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन दनुष्का गुनाथिलका ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 221.21 के स्ट्राइक रेट से 33 गेंदों में 73 रन बनाए। गुनाथिल के अलावा, एंजेलो परेरा ने 14 गेंदों में 27 रन और रॉस टेलर ने 28 गेंदों में 39 रन बनाकर टीम का स्कोर 172 तक पहुंचाया।

## स्टेडियम में आज से गेट 13, लोअर स्टैंड और पैवेलियन स्टैंड छोड़कर बाकी सभी स्टैंड्स फ्री



### 20 फीसदी पहुंचे दर्शक

क्रिकेट लीग का उद्घाटन मैच उम्मीदों के विपरीत रहा, जहां स्टेडियम में सिर्फ 20 प्रतिशत दर्शक पहुंचे। मैच के दौरान उत्साह में कमी देखने को मिली। क्रिकेट के दिग्गजों और सेलेब्रिटीज के इस इवेंट को लेकर आयोजक उत्साहित थे, लेकिन वास्तविकता कुछ अलग रही। टिकट सस्ती होने के बावजूद स्टेडियम दर्शकों की भीड़ कम रही। अंत में 25 रुपए में ऑनलाइन टिकट बिकी।



### गुरकीरत का बेखौफ अंदाज

वॉरियर्स की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल सिर्फ 16 रन बनाकर आउट हो गए, वहीं विशाल भी 6 रन में पवेलियन लौट गए। इसके बाद मैदान में आए गुरकीरत और पवन नेगी ने शानदार बल्लेबाजी की और मैच का रुख पलट दिया। गुरकीरत ने 182 के स्ट्राइक रेट से 35 गेंदों में 64 रन बनाए, जबकि पवन नेगी ने 204 के स्ट्राइक रेट से 25 गेंदों में 51 रन बना डाले। दोनों की आतिशी पारियों ने छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की जीत की नींव रखी। अंत में अभिमन्यु ने भी 6 गेंदों में 21 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

### इन स्टैंड में मिलेगी फ्री एंट्री

लेजेंड 90 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दिन दर्शकों की कम संख्या को देखते हुए शहीद वीरनारायण स्टेडियम में गेट 13, लोअर स्टैंड और पैवेलियन स्टैंड को छोड़कर बाकी सभी स्टैंड्स को दर्शकों के लिए फ्री कर दिया गया है। अब जो भी दर्शक मैच का आनंद लेना चाहते हैं, वे स्टेडियम के अन्य उपलब्ध स्टैंड्स में बिना किसी शुल्क के बैठकर मैच का भरपूर मनोरंजन कर सकते हैं।

## तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में बनाई 1-0 की बढ़त

# गेंद-बल्ले से भारत हिट, इंग्लैंड को चार विकेट से हराया, शतक से चूके शुभमन

एजेंसी ▶▶| नागपुर

पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज हर्षित राणा और रविंद्र जडेजा की उम्दा गेंदबाजी के बाद शुभमन गिल और अक्षर पटेल की शतकीय साझेदारी से भारत ने गुरुवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। इंग्लैंड के 249 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल ने 96 गेंद में 14 चौकों से 87 रन की पारी खेलने के अलावा अक्षर (52 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने सिर्फ 38.4 ओवर में छह विकेट पर 251 रन बनाकर जीत दर्ज की।

गिल ने श्रेयस अय्यर (59 रन) के साथ भी उस समय तीसरे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी की जब टीम 19 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। इंग्लैंड इससे पहले जडेजा (तीन विकेट) और राणा (तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 47.4 ओवर में 248 रन पर सिमट गया। कप्तान जोस बटलर (52) और जेकब बेथेल (51) ने अर्धशतक जड़े जबकि सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (43) ने भी उपयोगी पारी खेली।



### जडेजा ने पूरे किए 600 अंतरराष्ट्रीय विकेट



भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में शानदार गेंदबाजी की और तीन विकेट लेने में सफल रहे। जडेजा ने इसके साथ ही भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट पूरे कर लिए हैं और वह ऐसा करने वाले पांचवें भारतीय गेंदबाज हैं। जडेजा ने अपने करियर में भारत के लिए 80 टेस्ट मैचों में 323 विकेट, 198 वनडे में 223 विकेट और 74 टी20 में 54 विकेट लिए हैं।

### अक्षर-अय्यर की फिफ्टी

श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल के बाद अक्षर पटेल ने भी अर्धशतक जड़ दिया है। उन्होंने महज 46 गेंदों में अपने करियर का तीसरा पचासा पूरा किया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे शुभमन गिल ने 60 गेंदों में अपने करियर का 14वां अर्धशतक पूरा कर लिया।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट रन आउट | 43 | 26 | 5 | 3 |
| डकेट का जायसवाल बो राणा | 32 | 29 | 6 | 0 |
| जो रूट बो जडेजा | 19 | 31 | 1 | 0 |
| हैरी ब्रूक का राहुल बो राणा | 00 | 03 | 0 | 0 |
| बटलर का पंड्या बो अक्षर | 52 | 67 | 4 | 0 |
| बेथेल पगबाधा बो जडेजा | 51 | 64 | 3 | 1 |
| लिविंगस्टोन का राहुल बो राणा | 05 | 10 | 0 | 0 |
| ब्राइडन कार्स बो शमी | 10 | 18 | 1 | 0 |
| आदिल राशिद बो जडेजा | 08 | 16 | 0 | 0 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 21 | 18 | 3 | 1 |
| साकिब स्टं राहुल बो कुलदीप | 02 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 47.4 ओवर में 248/10
गेंदबाजी : शमी 8-1-38-1, राणा 7-1-53-3, अक्षर 7-0-38-1, पंड्या 7-1-37-0, कुलदीप 9.4-0-53-1, जडेजा 9-1-26-3

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का सॉल्ट बो आर्चर | 15 | 22 | 3 | 0 |
| रोहित का लिविंगस्टोन बो महमूद | 02 | 07 | 0 | 0 |
| शुभमन का बटलर बो महमूद | 87 | 96 | 14 | 0 |
| श्रेयस अय्यर पगबाधा बो बेथेल | 59 | 36 | 9 | 2 |
| अक्षर पटेल बो राशिद | 52 | 47 | 6 | 1 |
| लोकेश राहुल का एवं बो राशिद | 02 | 09 | 0 | 0 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 09 | 06 | 0 | 1 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 12 | 10 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 13,
कुल : 38.4 ओवर में 251/6
गेंदबाजी :
आर्चर 7-1-39-1, महमूद 6.4-0-47-2, कार्स 5-0-52-0, राशिद 10-1-49-2, बेथेल 3-0-18-1, लिविंगस्टोन 5-0-28-0, रूट 2-0-10-0.

### भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| अनिल कुंबले | 401 | 953 |
| रविचंद्रन अश्विन | 287 | 765 |
| हरभजन सिंह | 365 | 707 |
| कपिल देव | 356 | 687 |
| रवींद्र जडेजा | 352 | 600* |
| जहीर खान | 303 | 597 |
| जवागल श्रीनाथ | 296 | 551 |
| मोहम्मद शमी | 191 | 452* |
| जसप्रीत बुमराह | 204 | 443* |
| ईशांत शर्मा | 199 | 434* |

## ऑस्ट्रेलिया सदमे में, कमिंस-हेजलवुड बाहर

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न/गॉल



कप्तान पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी जोड़ी चोटिल होने के कारण बाहर हो गई है। ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने अचानक संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया जिससे आस्ट्रेलिया की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। कमिंस और हेज़लवुड के अलावा ऑलराउंडर मिशेल मार्श भी चोटिल होने के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाएंगे।

इसका मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया को अपनी शुरुआती 15 सदस्यीय टीम में कम से कम चार बदलाव करने होंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में खेली जाएगी जिसमें दुनिया की शीर्ष आठ टीम भाग लेंगी। ऑस्ट्रेलिया को 12 फरवरी तक अपनी अंतिम टीम का चयन करना होगा। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में चुने गए स्टोइनिस ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया। यह 35 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेगा।






# इंसानों की तरह चलता है ये विचित्र पेड़ होते हैं बड़े-बड़े पैर, बढ़ता जाता है आगे

*लंदन। हम जिस धरती पर रहते हैं, उसके बारे में सब कुछ नहीं जानते। हम जो जानते भी हैं, वो इतना कम है कि जब आश्चर्यजनक फैक्ट्स सामने आते हैं, तो आंखें फटी की फटी रह जाती हैं। एक ऐसा ही दिलचस्प तथ्य हम आपको आज बताने जा रहे हैं। इसके बारे में बहुत ही कम लोगों को पता होगा।*



### प्रकृति की विचित्र रचना से अनजान हैं कई लोग

अगर हम आपसे कहें कि एक ऐसा भी पेड़ है, जो बिल्कुल इंसानों की तरह चल सकता है, तो शायद आप चौंक जाएंगे। हालांकि, ये सच है कि धरती पर ऐसा भी पेड़ है, जिसके पैर हैं और वो चल सकता है। ये एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंच सकता है। ये तो सभी को पता है कि इंसानों की तरह ही पेड़-पौधों में भी प्राणतत्व होते हैं। यही वजह है कि वो बढ़ते हैं और छोटे से बड़े हो जाते हैं। हालांकि, एक पेड़ न सिर्फ हमारी तरह सांस लेता है, बल्कि हमारी ही तरह चल भी सकता है। हममें से बहुत से लोग प्रकृति की इस विचित्र रचना से अनजान हैं।

### इक्वाडोर के वन में पाया जाता है कैसापोना वृक्ष

प्रकृति की सबसे रहस्यमय और विचित्र रचना है- कैसापोना वृक्ष, जो इक्वाडोर के गहरे उष्णकटिबंधीय वर्षा वन में पाया जाता है। ताड़ की प्रजाति के इस पेड़ को 'दौड़ता हुआ ताड़' या 'चलता हुआ ताड़' भी कहा जाता है। वैसे इसका वैज्ञानिक नाम सोक्रेटिया एक्सोर्रिज़ा है। इक्वेडोर के घने जंगलों में सॉइल इरोशन यानी मृदा अपर्दन की दर बहुत ज्यादा है। जंगल घना होने की वजह से प्रकाश हर जगह नहीं पहुंच पाता।ऐसे में जब पौधे की जड़ पर मिट्टी ढीली हो जाती है, तो वह मजबूत मिट्टी और पर्याप्त सूर्य के प्रकाश की तलाश में नई मूल जड़ें पैदा करता है। नई जड़ें धीरे-धीरे कठोर मिट्टी में जम जाती हैं, जबकि पुरानी जड़ें मिट्टी से ढीली हो जाती हैं। इस तरह पेड़ अपनी पुरानी स्थिति से आगे बढ़कर नई जगह जम जाता है।

### जीवित रहने के लिए बदलता रहता है अपनी जगह

स्लोवॉक राज्य अनुसंधान संस्थान के वनस्पति शास्त्री पीटर व्रान्स्की ने इस पेड़ की जड़ों के माध्यम से गति करने की क्षमता का रहस्य सबके सामने रखा था। उनके शोध से पता चला है कि कैसापोना वृक्ष जीवित रहने के लिए अपनी जगह बदलता रहता है। हालांकि, स्थानांतरण की यह प्रक्रिया काफी धीमी है और पेड़ एक दिन में दो से तीन सेंटीमीटर तक आगे बढ़ सकता है। एक पेड़ को पूरी तरह से स्थानांतरित होने में लगभग दो वर्ष का समय लगता है। कभी-कभी पेड़ अपनी मूल स्थिति से लगभग 20 मीटर तक ऊपर पहुंच जाता है। कैसापोना वृक्ष प्रकृति का एक अद्भुत उदाहरण है, जो साबित करता है कि जानवरों की तरह पौधे भी जीवित रहने के लिए खुद को अनुकूलित करते हैं। पेड़ की यह विचित्र विशेषता न केवल पर्यावरण वैज्ञानिकों के लिए, बल्कि आम जनता के लिए भी प्रकृति का एक रहस्य बनी हुई है।

# दुनिया के इस हिस्से में हो सकते हैं धरती के 2 टुकड़े 20 करोड़ साल पहले हुई हलचल, अब डाल रही असर

**लंदन।** वैज्ञानिकों को धरती के नीचे हैरान करने वाली हलचल का पता चला है, जिससे धरती दो हिस्सों में बंट सकती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि लंबे समय से गायब एक समुद्री प्लेट मेंटल में गहराई की ओर गोता लगा रही है। इस प्रक्रिया में ऊपर की परत नीचे की ओर खिंचाव महसूस कर रही है। ऐसी ही एक प्लेट इराक में जाग्रोस पर्वत के नीचे टूट रही है, क्योंकि यह नीचे की ओर गिर रही है। नए शोध में पाया गया है कि टूटने की यह प्रक्रिया पर्वत श्रृंखला के पश्चिमी भाग में पहले ही हो चुकी है, जहां इराक का कुर्दिस्तान क्षेत्र तुर्की से सटा हुआ है।



### धरती के अंदर चल रही है हलचल

शोध के अनुसार, यह टूटन अब उत्तर-पश्चिम ईरान की ओर बढ़ रही है। 25 नवम्बर 2024 को सॉलिड अर्थ पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने कहा कि यह गतिशीलता सतह पर तुरंत स्पष्ट नहीं होती है, लेकिन इससे पता चलता है कि मेंटल और क्रस्ट मिलकर पृथ्वी की संरचना को किस तरह से आकार देते हैं।







**भारत समेत दक्षिण एशिया में मचा सकता है तबाही**

# विशालकाय एस्टेरॉयड के पृथ्वी से टकराने का अंदेशा



**वॉशिंगटन।** धरती की तरफ बढ़ते एक विशाल एस्टेरॉयड (क्षुद्रग्रह) ने वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ा दी है। संयुक्त राष्ट्र के खगोलविद इस क्षुद्रग्रह पर नजर रख रहे हैं, जिसके पृथ्वी से टकराने का अंदेशा जताया गया है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने कहा है कि एस्टेरॉयड के 22 दिसंबर 2032 को पृथ्वी के पास सुरक्षित रूप से गुजरने की 99 फीसदी संभावना है, लेकिन बाकी एक फीसदी टकराव की संभावना को नकारा नहीं जा सकता है। ऐसा कोई भी टकराव एक बड़ी तबाही का सबब बन सकता है। इस तबाही की जद में दक्षिण एशिया के देश (भारत-पाकिस्तान और आसपास के मुल्क) भी आ सकते हैं।

### अगर टकराव हुआ तो मचेगी तबाही

एक्सपर्ट का कहना है कि यह एस्टेरॉयड अगर पृथ्वी से टकराता है तो इसमें परमाणु बम जितनी तबाही मचाने की शक्ति होगी। यह किसी आबादी वाले इलाके में गिरता है तो इससे गंभीर नुकसान होगा। हालांकि, यह अधिक संभावना है कि वाईआर4 समुद्र या धरती के किसी दूरस्थ भाग में गिरेगा। इस समय यह पृथ्वी से बहुत दूर है। अभी ये तय करना मुश्किल है कि टकराव की स्थिति में इससे क्या प्रभाव होगा।

### 'अभी घबराने की जरूरत नहीं'

रॉबर्ट मैसी कहते हैं कि हमें घबराना नहीं है लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। फिलहाल खगोलविदों को इस तरह के खतरों को ट्रैक करने के लिए जरूरी संसाधन देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि YR4 को टोरिनो इम्पैक्ट हैजर्ड स्केल पर 10 में से 3 का दर्जा मिला है। धरती से टकराव तभी निश्चित होता है जब यह 8, 9 या 10 तक पहुंच जाता है। YR4 फिलहाल में सीधी रेखा में पृथ्वी से दूर जा रहा है। इससे पृथ्वी की ओर वापस लौटने से पहले इसकी सटीक कक्षा का सटीक निर्धारण करना मुश्किल हो रहा है।

**बंधक बने एक युवक की मौत के बाद खुला राज**

# तेलंगाना के ईंट भट्ठों में बंधक बने राष्ट्रपति के 150 दत्तक पुत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

रायगढ़ के एकताल गांव के रहने वाले करीब डेढ़ सौ शिल्पकार तेलंगाना में बंधक बने हुए हैं। ये सभी शिल्पकार कमाने खाने के लिए गए हैं, शिल्पकारों के बंधक बनने का राज तब खुला जब एक मजदूर की मौत हो गई, ठेकेदार ने उसके साथ बर्बरता की सारी हदें पार कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। यहां तक कि मजदूर की मौत के बाद उसके शव को भी लाने नहीं दिया जा रहा था। बता दें एकताल के झारा शिल्पकारों को राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र माना जाता है। गुरूवार को शिल्पकारों ने वित्त मंत्री के नाम एक ज्ञापन देकर बंधक बने सभी मजदूरों को आजाद कराने की मांग भी की है।

### काम नहीं करते थे तो मारता था ठेकेदार

हरिभूमि से चर्चा करते हुए मृतक की पत्नी सुभाषिनी की आंख में आंसू आ गई। आंसू आ गए। उसने कहा कि तेलंगाना के गरूडपेठ गांव में ईंट का भट्ठा है, जहां उसके पति नवीन झारा, बेटा आदित्य और बेटी अंकिता झारा के साथ वह काम करती थी। उन्हें सप्ताह में कभी छुट्टी नहीं मिलती थी। वहीं, कभी जब किसी का तबीयत बिगड़ता था तो ठेकेदार उनसे जबर्दस्ती काम लेता था। काम नहीं करने की स्थिति में उनकी सरेआम पिटाई होती थी।

### तेलंगाना के आधे से ज्यादा ईंट भट्ठों में फंसे मजदूर

एकताल के पूर्व सरपंच हिमांशु चौहान ने बताया कि तेलंगाना में जितने भी ईंट भट्ठे संचालित हो रहे हैं, उनमें से आधे से ज्यादा में एकताल के मजदूर कार्यरत हैं। कहीं पर पांच तो कहीं पर दस की संख्या में एकताल के मजदूर कार्यरत हैं। सभी के साथ ठेकेदार बर्बरता कर रहे हैं। लेकिन उनके सामने वहां से निकलने का कोई रास्ता नहीं है। अपनी मर्जी से वे बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। यही वजह है कि वित्तमंत्री से फरियाद करते हुए मजदूरों को बाहर निकालने की मांग की गई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com